दैनिक नवप्रदेश
आदित्यवर्णं तमसः परस्तात्
प्रदेश के साथ पूरा देश...
RNI NO. MPHIN/37471 जबलपुर, बुधवार 16 मार्च 2022, कार्तिक शुक्ल पक्ष दसवी, विक्रम संवत-2077 वर्ष-03 अंक- 107 पृष्ठ- 08 मूल्य-3 रुपए -जबलपुर, भोपाल, छत्तीसगढ़ बिलासपुर, झारखंड से एक साथ प्रकाशित www.navpradesh.com

आज बेबाक

राजस्थान के संसदीय कार्यमंत्री शांति धारीवाल ने विधानसभा में यह सच्चाई तो स्वीकारी है कि राजस्थान रेप के मामले में देश में नंबर एक है। इसके साथ ही उन्होंने इस बारे में बेहद आपत्ति जनक टिप्पणी भी की है कि राजस्थान मर्दो वालों प्रदेश है। उनकी इस वाहियात टिप्पणी पर सदन में बेशर्मी से ठहाका लगता है। जब माननीयों की ऐसी घटिया मानसिकता होगी तो राजस्थान यदि रेपिस्तान नहीं बनेगा तो और क्या बनेगा? अभी-अभी महिला दिवस मना है और महिलाओं के प्रति अपराध को लेकर ऐसी शर्मनाक टिप्पणी और सदन में ठहाके! चूल्लू भर पानी में डूब मरो बेशर्मों।

सूर्योदय

उदय : 6.36 प्रात:

अस्त : 6.28 संध्या

जनसंख्या

विश्व : 7,932,474,810

भारत : 1,403,313,410

बाजार

सेंसेक्स : 55464.39

निफ्टी : 16594.90

गोल्ड : 52,580 प्रति 10 ग्राम

चांदी : 69,400 प्रति किग्रा

अण्डा दर : 3.71 प्रति नग

खिलाफत : हाईकोर्ट के फैसले की

कर्नाटक हाईकोर्ट के फैसले के बाद छात्राओं ने परीक्षा का बायकॉट किया, कल सुप्रीम कोर्ट में दायर होगी याचिका

नई दिल्ली।

कर्नाटक हाईकोर्ट ने स्कूल-कॉलेज में हिजाब बैन को सही ठहराया है। कोर्ट ने कहा है कि हिजाब इस्लाम की अनिवार्य प्रथा का हिस्सा नहीं है। कोर्ट के फैसले के बाद इसका विरोध भी शुरू हो गया है। कर्नाटक के यादगिर में एक सरकारी कॉलेज में 35 छात्राओं ने परीक्षा का बहिष्कार कर दिया। स्कूल की प्रिंसिपल ने उन्हें समझाया और हाईकोर्ट के आदेश का पालन करने को कहा, लेकिन स्टूडेंट्स नहीं मानीं और एग्जाम हॉल से चली गईं।

इधर, कोर्ट के फैसले के खिलाफ हाईकोर्ट में याचिका लगाने वाली छात्राओं ने सुप्रीम कोर्ट जाने की बात कही है। उन्होंने कहा- हम अपने हक के लिए लड़ेंगे। कोर्ट में अपील करने वाली लड़कियों ने बेंगलुरु में प्रेस कॉन्फ्रेंस करके यह बात कही। उन्होंने इसे अपने साथ अन्याय बताया। लड़कियों के वकील एम धर ने कहा कि कर्नाटक हाईकोर्ट ने हमें निराश किया है, उम्मीद है कि सुप्रीम कोर्ट में न्याय मिलेगा। कर्नाटक हाईकोर्ट के फैसले के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में कल दाखिल होगी याचिका, हिजाब की वकालत कर रहे वकील देवदत्त कामत की टीम ने कहा- अभी लड़ाई खत्म नहीं हुई असदुद्दीन ओवैसी ने कोर्ट से फैसले से

असहमति जताई है। इधर, जम्मू-कश्मीर की पूर्व मुख्यमंत्री महबूबा मुफ्ती ने इसे मुस्लिम महिलाओं की धार्मिक आजादी के खिलाफ बताया है। इस मामले में तमाम रिएक्शन्स के बारे में जानने से पहले, आप ओवैसी के बयान पर अपनी राय यहां दे सकते हैं।

जम्मू कश्मीर की पूर्व मुख्यमंत्री और पीडीपी चीफ महबूबा मुफ्ती ने भी कोर्ट के फैसले पर सवाल उठाए हैं। महबूबा मुफ्ती ने सोशल मीडिया पर कहा, हिजाब बैन को बरकरार रखने का कर्नाटक हाईकोर्ट का फैसला बेहद निराशाजनक है। जम्मू-कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने हिजाब मामले पर कर्नाटक हाई कोर्ट के फैसले पर निराशा जताई है। उमर अब्दुल्ला कहा, आप हिजाब के बारे में चाहे कुछ भी सोचते हों, ये पहनने का कोई कपड़ा नहीं है बल्कि ये एक महिला के अधिकार के बारे में है। कोर्ट ने इस मूल अधिकार को बरकरार नहीं रखा, ये हास्यास्पद है। हिजाब विवाद मामले में कोर्ट का फैसला आने के बाद कर्नाटक के सीएम बसवराज बोम्मई का बयान आया है। उन्होंने कहा कि सभी को फैसले का स्वागत करना चाहिए। अगर किसी ने राज्य में शांति भंग करने की कोशिश की, तो उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

राजनाथ सिंह ने कहा, कोर्ट के फैसला का स्वागत है- हिजाब मामले पर कर्नाटक हाईकोर्ट के फैसले का रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने स्वागत किया है। उन्होंने कहा कि हर धर्म के लोगों को स्कूल-कॉलेज के ड्रेस कोड का पालन करना चाहिए।

नेशनल कमिशन फॉर वूमेन (NCW) की अध्यक्ष रेखा शर्मा ने कर्नाटक हाई कोर्ट के फैसले का स्वागत किया है। मुझे लगता है कि बच्चों को वापस स्कूल जाना चाहिए न कि इन सब में पड़ने से समय बर्बाद होगा। वहीं तमिलनाडु में चेन्नई के %द न्यू कॉलेज% के छात्रों ने हिजाब विवाद पर कर्नाटक हाईकोर्ट से फैसले का विरोध किया।

कर्नाटक में हिजाब पर बवाल शुरू होने के बाद मामला सेशन कोर्ट पहुंचा था।

सेशन कोर्ट के बाद केस हाईकोर्ट में गया, जहां इसे बड़ी बेंच को ट्रांसफर कर दिया गया।

हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस की अगुआई वाली तीन मेंबर की बेंच ने इस पर सुनवाई शुरू की।

आखिरकार 15 जनवरी को इस मामले पर फैसला सुनाया गया।

हाईकोर्ट ने फैसले के साथ ही इससे जुड़ी 8 याचिकाओं का भी निपटारा कर दिया।

द कश्मीर फाइल्स पीएम ने की तारीफ

कहा- इसका विरोध सच को दबाने की साजिश

नई दिल्ली। विधानसभा चुनावों में पांच में से चार राज्यों में सत्ता में बने रहने के बाद भाजपा में उत्साह का माहौल है। आज दिल्ली में पार्टी संसदीय दल की बैठक हुई। यहां प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का विशेष स्वागत किया गया। बैठक में संसदीय दल की इस बैठक में आगामी राज्यों में विधानसभा के चुनावों के साथ ही 2024 के लोकसभा चुनावों की रणनीति पर मंथन हुआ। पीएम मोदी ने अपने संबोधन के दौरान परिवारवाद पर निशाना साधा। पीएम ने कहा, परिवारवाद ने इस देश को खोखला कर दिया है। हमें परिवारवाद से देश को मुक्त करना है। बकौल पीएम, हमें संकल्प लेना है कि 2024 तक कश्मीर से लेकर कन्या कुमारी तक परिवारवाद को खत्म करना है। पीएम ने कहा यदि भाजपा के किसी बड़े नेता के बेटे या बेटी

को टिकट नहीं मिला तो यह पाप मैंने किया है। पीएम ने अपने संबोधन के दौरान कश्मीर बनी फिल्म द कश्मीर फाइल्स की तारीफ की। पीएम ने कहा, ऐसी फिल्मों से सच सामने आता है और जो लोग अभी इसका विरोध कर रहे हैं उनकी मंशा सच को दबाने की है। बकौल पीएम मोदी, हमेशा फ्रीडम ऑफ एक्सप्रेशन के झंडे लेकर घूमने वाली पूरी जमात बौखला गई है। अगर किसी ने उस समय हिम्मत के साथ काम करके महात्मा गांधी के जीवन पर फिल्म बनाई होती और दुनिया के सामने रखी होती तो हम मेसेजिंग कर पाते। पहली बार एक विदेशी ने गांधी फिल्म बनाई और उसे जब ऑस्कर मिला तब जाकर दुनिया को यह बात पता चली कि गांधी इतने महान व्यक्ति हैं। भाजपा शासित 8 राज्यों में यह फिल्म टैक्स फ्री कर दी गई है। बता दें, इससे पहले जब बजट सत्र के दूसरे चरण के पहले दिन जब पीएम मोदी लोकसभा पहुंचे थे, तब सभी सांसदों ने गर्मजोशी से उनका स्वागत किया था।

पांचों चुनावी राज्यों के कांग्रेस प्रमुखों की छुट्टी

विधानसभा चुनाव में हार के बाद सोनिया गांधी ने मांगा इस्तीफा

नई दिल्ली।

पांच राज्यों में हुए विधानसभा चुनाव में मिली हार के बाद कांग्रेस ने बड़ा फैसला लिया है। कांग्रेस की अंतरिम अध्यक्ष सोनिया गांधी ने यूपी, उत्तराखंड, पंजाब, गोवा और मणिपुर के पार्टी प्रमुखों से इस्तीफा मांगा है। हाल ही में देश के 5 राज्यों में हुए विधानसभा चुनाव में बीजेपी ने 4 राज्यों में जीत दर्ज की है।

वहीं पंजाब में भी कांग्रेस अपनी कुर्सी नहीं बचा पाई, यहां आम आदमी पार्टी ने 92 सीटों पर जीत दर्ज की है। चुनावी नतीजे सामने आने के बाद 10 मार्च को ही पंजाब कांग्रेस अध्यक्ष नवजोत सिंह सिद्धू ने इस्तीफा दे दिया था। बता दें कि यूपी के कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष अजय कुमार लल्लू हैं। उत्तराखंड में कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष गणेश गोदियाल, गिरीश चोडांकर गोवा कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष है। वहीं मणिपुर में यह जिम्मेदारी एन लोकेन सिंह के पास है। दूसरी ओर यूपी, पंजाब सहित 5 राज्यों में मिली करारी हार के बाद कांग्रेस में विवाद थमने का नाम नहीं

ले रहा है। कार्यसमिति की बैठक के बाद पूर्व केंद्रीय मंत्री कपिल सिब्बल ने कहा कि कांग्रेस की कमान गांधी परिवार को छोड़ देनी चाहिए, ताकि दूसरों को मौका मिले। सिब्बल ने पार्टी के भीतर राहुल की दखलंदाजी को लेकर भी सवाल उठाया। इधर, पार्टी में मचे घमासान के बीच कपिल सिब्बल ने बुधवार को अपने आवास पर जी-23 नेताओं को डिनर पर बुलाया है। माना जा रहा है कि बैठक में आगे की रणनीति पर चर्चा हो सकती है। एक इंटरव्यू में सिब्बल ने कहा कि राहुल गांधी डीफेक्टो प्रेसिडेंट रहे हैं। पंजाब में सीएम बनाने में उन्होंने फैसला किया था। किस हैसियत से उन्होंने यह डिसीजन लिया था? हमारी मांग है कि घर की कांग्रेस के बजाय सबकी कांग्रेस हो। मैं इसके लिए आखिरी सांसें तक लड़ूंगा।

गहलोत का पलटवार

वहीं सिब्बल के बयान पर राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने पलटवार किया है। गहलोत ने कहा कि सिब्बल को कांग्रेस का कल्चर नहीं पता है। वे पार्टी की एबीसीडी नहीं जानते हैं। सिब्बल अच्छे वकील रहे हैं, सोनिया जी और राहुल जी ने उन्हें बहुत मौके दिए हैं।

नवाब मलिक को बॉम्बे हाई से झटका, अंतरिम रिहाई का निर्देश देने से इन्कार

मुम्बई। महाराष्ट्र की उद्धव ठाकरे में एनसीपी कोटे से मंत्री नवाब मलिक को बॉम्बे हाई कोर्ट ने तगड़ा झटका दिया है। दाऊद इब्राहिम मनी लॉन्ड्रिंग केस में बॉम्बे हाईकोर्ट ने महाराष्ट्र के कैबिनेट मंत्री नवाब मलिक की अंतरिम रिहाई का निर्देश देने से इनकार कर दिया। कोर्ट ने नवाह मलिक की बंदी प्रत्यक्षीकरण याचिका में अंतरिम आवेदन खारिज कर दिया। ईडी ने नवाब मलिक को मनी लॉड्रिंग के केस में गिफ्तार किया है। नवाब मलिक पर आरोप हैं कि उनके संबंध दाऊद इब्राहिम और उसके रिश्तेदारों से हैं और उन्होंने अंडरवर्ल्ड डॉन की सम्पत्तियां खरीदी हैं। ईडी ने बीते दिनों नवाब मलिक को पूछताछ के लिए बुलाया था और फिर गिरफ्तार भी कर लिया। नवाब मलिक ने इसी मामले में दर्ज FIR को रद्द करने के लिए हाई कोर्ट का दरवाजा खटखटाया था, जिस पर आज सुनवाई हुई।

सुकमा में 6 नक्सलियों ने सुरक्षा बलों के सामने किया सरेंडर

सुकमा। छत्तीसगढ़ के नक्सल प्रभावित सुकमा जिले में पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। पुना नर्कोम अभियान के तहत 6 नक्सलियों ने सीआरपीएफ डीआइजी योग्यान सिंह व एसपी सुनील शर्मा के सामने आत्मसमपर्ण किया। आत्मसमर्पित नक्सलियों के मुताबिक नक्सलियों के भेदभाव से परेशान होकर व पुनर्वास नीति से प्रभावित होकर सरेंडर किया। अधिकारियों ने कहा, आत्मसमर्पण करने वाले नक्सलियों को राज्य शासन की पुनर्वास नीति के तहत सहायता राशि और अन्य सुविधाएं प्रदान की जाएगी।

सीएम शिवराज सिंह और साधना सिंह ढोल मांदल की थाप पर थिरके

थांदला। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के झाबुआ जिले के थांदला में आयोजित भगोरिया में शिरकत करने पहुंचे। यहां सीएम और उनकी पत्नी साधना सिंह ने पारंपरिक परिधान पहनकर ढोल मांदल की थाप पर नृत्य किया। इस दौरान सीएम के हाथ में तीर कमान था, जबकि साधना सिंह ने सिर पर बोहलनी रखी हुई थी। भगोरिया में शामिल होने के बाद कार्यकर्ताओं से भेंट की। स्क्र के झाबुआ के थांदला में सीएम शिवराज सिंह ने नृत्य के पहले खाली कराई जगह, फिर कलाकारों को बुलाकर उनके साथ तीर कमान थामकर किया नृत्य। इससे पूर्व पारंपरिक नृत्य के साथ सीएम शिवराज और साधना

सिंह का स्वागत किया गया। अनुसूचित जनजातीय प्रदेश अध्यक्ष व पूर्व विधायक कलसिंह भाबोर ने बताया कि मुख्यमंत्री जनजातीय समुदाय के सबसे बड़े महापर्व भगोरिया में शामिल होने व भगोरिया, होली, सप्तमी दशमी की बधाई देने आए । मध्यप्रदेश के झाबुआ के थांदला में भगोरिया देखने आए MP के सीएम शिवराज सिंह व उनकी पत्नी साधना सिंह ढोल-मांदल पर थिरकते दिखाई दिए। यह रहेगा कार्यक्रम = भाबोर ने बताया कि सीएम शिवराज सिंह चौहान और साधना सिंह को हेलीपेड से डाक बंगला पहुंचे और पारंपरिक वेशभूषा पहनी।

मुश्किल हालातों में भी निकाले 22,500 भारतीय

नई दिल्ली

रूस और यूक्रेन के बीच युद्ध में फंसे भारतीय नागरिकों की सुरक्षा और निकासी के लिए सरकार के प्रयासों पर विपक्ष लगातार सवाल उठाता रहा है। इसी मुद्दे पर सांसदों को इस पूरे मामले की विस्तृत जानकारी देने और उनके सवालों का जवाब देने के लिए आज विदेश मंत्री एस. जयशंकर संसद में मौजूद थे। आज राज्यसभा में भारतीयों को सुरक्षित निकाले जाने के मुद्दों पर विदेश मंत्री एस जयशंकर ने अपना बयान दिया। उन्होंने बताया कि ऑपरेशन गंगा के तहत युद्धग्रस्त देश यूक्रेन में फंसे हजारों भारतीयों को स्वदेश वापस लाया गया। उन्होंने कहा कि गंभीर संघर्ष से उत्पन्न चुनौतियों के बावजूद हमने सुनिश्चित किया कि लगभग 22,500 भारतीय

नागरिक सुरक्षित भारत लौट पाएं। विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर ने राज्यसभा को बताया कि आधे से ज्यादा छात्र पूर्वी यूक्रेन के विश्वविद्यालयों में थे जो क्षेत्र रूस की सीमा से लगा है और अब तक संघर्ष का केंद्र रहा है। इनमें रह रहे 35 राज्यों या केंद्र शासित प्रदेशों के छात्रों को निकाला गया है। प्रधानमंत्री के निर्देश पर हमने ऑपरेशन गंगा लॉन्च किया, जिसके अंतर्गत यूक्रेन-रूस के बीच चल रहे संघर्ष की स्थिति के दौरान चुनौतीपूर्ण निकासी अभियान चलाया गया। इसके लिए हमारा समुदाय चुनौतियों का सामना करते हुए यूक्रेन के अलग-अलग हिस्सों में मौजूद था। उन्होंने बताया कि अभियान की समीक्षा क्क्र द्वारा स्वयं दैनिक आधार पर की गई। विदेश मंत्रालय में हमने 24/7 आधार पर निकासी कार्यों की निगरानी की। हमें नागरिक उड्डयन मंत्रालय, रक्षा, ह्रक्क्र, ढ्ढस्न, प्राइवेट एयरलाइंस सहित सभी संबंधित मंत्रालयों और संगठनों से उत्कृष्ट समर्थन मिला। ऑपरेशन गंगा के तहत कुल 90 फ्लाइट्स का संचालन किया गया, जिनमें से 76 नागरिक और 14 वायुसेना की फ्लाइट्स थीं। ये फ्लाइट्स रोमानिया, पोलैंड, स्लोवाकिया और हंगरी से संचालित हुईं। मुसीबत की इस घड़ी में वायुसेना और नागरिक विमानन कंपनियों ने पूरे उत्साह और समर्पण से काम किया।

दंतेवाड़ा में डीआरजी जवानों और नक्सलियों के बीच मुठभेड़, दो महिला नक्सली ढेर

दंतेवाडा। छत्तीसगढ़ के नक्सल प्रभावित दंतेवाड़ा-सुकमा जिले के सीमावर्ती क्षेत्र में सुरक्षा बलों और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ में दो महिला नक्सली ढेर हो गई। जानकारी के अनुसार दंतेवाड़ा-सुकमा जिले के सीमावर्ती क्षेत्र के थाना कटेकल्याण अंतर्गत ग्राम जियाकोडता, गोरली, मुथेली एवं धनिकोरता क्षेत्र के जंगलों में नक्सलियों के पेदारास एलओएस तथा कटेकल्याण एरिया कमेटी के नक्सली कैडरों की मौजूदगी की खबर मिली। प्राप्त सूचना पर मंगलवार सुबह दंतेवाड़ा डीआरजी, सुकमा डीआरजी,

सीआरपीएफ 230वीं वाहिनी एवं छसबल की संयुक्त टीमों द्वारा सर्चिंग अभियान प्रारंभ किया गया। लगभग 11:30 बजे ग्राम गोरली एवं मुथेली के बीच जंगल में नक्सलियों एवं सुरक्षा बलों के बीच मुठभेड़ शुरू हो हुई। मुठभेड़ के बाद सुरक्षा बल द्वारा घटनास्थल की सर्चिंग करने पर 2 महिला नक्सलियों के शव बरामद किकिए गए है। मृतक महिला नक्सलियों की प्रारंभिक पहचान रिपोर्ट के अनुसार एक महिला नक्सली को पेदारास एलओएस कमाण्डर मंजुला पुनेम एवं दूसरी महिला नक्सली को डीव्हीसी सुरक्षा दल की सदस्य मुचाकी गंगी के रूप में पहचान की गई। घटनास्थल से 12 बोर की 2 रायफलें, 1 देशी हथियार, विस्फोटक एवं नक्सलियों की कैम्पिंग सामग्री भी बरामद किए गए है। मुठभेड़ में कुछ नक्सलियों के घायल होने की संभावना को देखते हुए सुरक्षा बलों द्वारा आसपास के क्षेत्र में सर्चिंग जारी है।

मिसाइल मामला : सरकार इस मुद्दे पर पूरी तरह गंभीर है

नई दिल्ली

संसद के बजट सत्र का दूसरा दौर जारी है। मंगलवार को संसद के दोनों सदनों में बताया कि रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने बताया कि किस तरह भारत की एक मिसाइल पाकिस्तान में जा गिरी। पूरे घटनाक्रम का जिक्र करते हुए राजनाथ सिंह ने बताया कि पूरे मामले की जांच की जा रही है और सरकार इस मुद्दे पर पूरी तरह गंभीर है। राजनाथ सिंह ने सदन को बताया, नियमित रखरखाव और निरीक्षण के दौरान, 9 मार्च को लगभग 7 बजे गलती से एक मिसाइल छोड़ी गई थी। बाद में पता चला कि मिसाइल पाकिस्तान के क्षेत्र में उतरी थी।इस घटना पर खेद है, हमें राहत है कि दुर्घटना के कारण किसी को चोट नहीं आई। रक्षा मंत्री ने आगे कहा, सरकार ने 9 मार्च को एक भारतीय सुपर-सोनिक मिसाइल को अनजाने में लॉन्च किए जाने की घटना को गंभीरता से लिया है। भारत की मिसाइल प्रणाली विश्वसनीय और सुरक्षित है और घटना की जांच की जा रही है। वहीं रूस-यूक्रेन युद्ध का मुद्दा भी संसद में उठा है। यूक्रेन में फंसे

भारतीयों की सुरक्षित वापसी पर चलाए गए ऑपरेशन गंगा पर विदेश मंत्री एस. जयशंकर संसद में बयान देंगे। इस बीच, आज दिल्ली में भाजपा संसदीय दल की बैठक होना है। यहां प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का भव्य स्वागत किया जाएगा।

सदन में द कश्मीर फाइल्स का मुद्दा उठा- इससे पहले सोमवार को सदन में द कश्मीर फाइल्स फिल्म को प्रतिबंधित करने के साथ ही उसे देशभर में टैक्स फ्री करने की मांग उठी। बसपा के दानिश अली ने कहा कि द कश्मीर फाइल्स हो गुजरात फाइल्स जो फिल्म नफरत की भावना पैदा करती हो, उस पर रोक लगनी चाहिए। वहीं, भाजपा जमयांग सेरिंग नामग्याल और जदयू के सुनील कुमार पिंटू ने फिल्म को देशभर में टैक्स फ्री करने की मांग की केरल कांग्रेस के ट्वीट में यह भी कहा गया था कि जम्मू-कश्मीर में 1990-2007 के दौरान 399 कश्मीरी पंडितों की तुलना में 15,000 से ज्यादा मुसलमान मारे गए थे। बाद में यह ट्वीट डिलीट कर दिया गया। केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने कांग्रेस पर हमला करते हुए कहा कि उसके डीएनए में है कि वे अपने अल्पसंख्यक एजेंडे को आगे बढ़ाने के लिए सिर्फ एक समुदाय का दर्द समझती है और उसका तुष्टीकरण करती है।

देशभर में एनआरसी लागू करने का कोई फैसला नहीं

नई दिल्ली। केंद्र ने अभी तक देश भर में राष्ट्रीय नागरिक रजिस्टर लागू करने का कोई निर्णय नहीं लिया है। लोकसभा में मंगलवार को केंद्रीय मंत्री नित्यानंद राय ने एक सवाल के जवाब में कहा कि सुप्रीम कोर्ट के निर्देश पर असम में एनआरसी में जिन लोगों को शामिल किया गया है, उनकी सप्लीमेंट्री लिस्ट और जिन्हें बाहर किया गया है उनकी लिस्ट 31 अगस्त, 2019 को पब्लिश की गई है। अभी तक सरकार ने राष्ट्रीय स्तर पर एनआरसी तैयार करने का कोई फैसला नहीं लिया है। बता दें कि एनआरसी का अपडेट सिर्फ असम में किया गया है।

खेलकूद सामग्री हेतु प्रत्येक विद्यालय को प्रदाय की गई 25 हजार रूपये की राशि

विधायक मुनमुन के प्रश्न पर स्कूल शिक्षा मंत्री ने दिया जवाब

सिवनी (नव प्रदेश)। सिवनी जिले के विधानसभा क्षेत्र सिवनी अंतर्गत मनरेगा के निर्माण कार्यों मे अनियमितता की जांच, स्कूलों, छात्रावासों में निर्माण कार्य, क्रय पौधों का भुगतान एवं 14 वें व 15 वें वित्त आयोग योजना से प्राप्त राशि संबंधी प्रश्न सिवनी विधानसभा क्षेत्र के विधायक दिनेश राय मुनमुन द्वारा विधानसभ के एकादश सत्र में किये गये।

पंचदश विधानसभा के एकादश सत्र में विधायक दिनेश राय मुनमुन द्वारा अतारांकित प्रश्न के माध्यम से किये गये मनरेगा के निर्माण कार्यो मे अनियमितता की जांच संबंधी प्रश्न का उत्तर देते हुए पंचायत मंत्री महेन्द्र सिंह सिसौदिया ने बताया कि सिवनी जिले के विधानसभा क्षेत्र सिवनी अंतर्गत 1 अप्रैल 2020 से प्रश्नांकित दिनांक तक मनरेगा योजना से जनपद पंचायत सिवनी में 1232 एवं जनपद पंचायत छपारा में 764, कुल 1996 सामुदायिक कार्य स्वीकृत किये गये। उक्त संदर्भ में स्वीकृत कार्यो की सामग्री एवं मजदूरों की राशि 126 फर्म व वेण्डरों एवं 87536 मजदूरों के खातों में भुगतान किया गया है। 616 कार्यो का

भुगतान सामग्री मद में राशि का सतत प्रवाह नही होने से शेष है। भारत सरकार से सामग्री मद में राशि प्राप्त होने पर भुगतान की कार्यवाही निर्भर होने से भुगतान की निश्चित समय-सीमा बतलाया जाना संभव नही है। मनरेगा निर्माण कार्यो की गुणवत्ता एवं भ्रष्टाचार की शिकायतों से संबंधित जानकारी पुस्तकालय में रखे परिशिष्ट- 4 अनुसार है।

स्कूलों, छात्रावासों में निर्माण कार्य से संबंधित विधायक दिनेश राय मुनमुन जी के प्रश्न का उत्तर देते हुए राज्य मंत्री स्कूल शिक्षा इन्दर सिंह परमार ने बताया कि विधानसभा क्षेत्र सिवनी में निर्माण कार्य मानक विरूद्ध होने की कोई शिकायत प्राप्त नही हुई है। शासकीय स्कूलों के निर्माण कार्यो का पृथक से भौतिक सत्यापन नही कराया गया है तथा स्कूल एवं छात्रावासों में निर्माण कार्यो की गुणवत्ता ग्रामीण क्षेत्र के कार्यो हेतु ग्रामीण यांत्रिकी सेवा एवं शहरी क्षेत्र के निर्माण कार्यो हेतु लोक निर्माण विभाग की दर अनुसूची में निहित प्रावधान अनुसार की जाती है। समग्र शिक्षा अभियान अंतर्गत कक्ष निर्माण हेतु प्रश्नाधीन अवधि में कोई राशि नही दी गई है। जनजातीय कार्य विभाग अंतर्गत संचालित स्कूलों में शासकीय उच्चतर माध्यमिक विघालय केकडा तथा शासकीय हाईस्कूल गोरखपुर में प्रत्येक शाला को रू. 10.00 लाख का आवंटन किया गया है। व्यय विभागीय एजेंसी द्वारा किया गया। खेलकूद सामग्री हेतु प्रश्नाधीन अवधि में प्रत्येक हाईस्कूल व हायर सेकेण्डरी स्कूल हेतु रू. 25,000 प्रति विघालय के मान से प्रदाय किया गया है। प्रदायित राशि संबंधित स्कूलों की शाला विकास एवं प्रबंध समिति द्वारा व्यय की गयी है। हाईस्कूल व हायर सेकेण्डरी स्कूलों में गणवेश का प्रावधान नही है। सत्र 2020-21 में मापदण्ड अनुरूप् गण्वेश प्रदाय नही होने से उसे अमान्य करने का अधिकार शाला प्रबंध समिति को दिया गया है। खेल सामग्री की गुणवत्ता खराब एवं एक ही एजेंसी से खरीदी संबंधी शिकायत प्राप्त नही हुई है।

आगे विधायक दिनेश राय मुनमुन के प्रश्न 14 वें व 15 वें वित्त आयोग योजना से प्राप्त राशि का उत्तर देते हुए पंचायत मंत्री महेन्द्र सिंह सिसौदिया ने बताया कि सिवनी जिले के अंतर्गत 08 जनपद पंचायतों की कुल 635 ग्राम पंचायतों में 14 व 15 वें वित्त आयोग के अंतर्गत 01 अप्रैल 2018 से प्रश्न दिनांक तक कुल 21803.83 लाख रूपये राशि प्राप्त हुई। जानकारी पुस्तकालय में रखे परिशिष्ट अनुसार है। इसके साथ ही श्री राय द्वारा क्रय पौधों का भुगतान से जुडा प्रश्न किया गया जिसका उत्तर देते हुए राज्य मंत्री उघानिकी एवं खाघ प्रसंस्करण भारत सिंह कुशवाह ने दिया।

मध्यान्ह भोजन का राशन समय सीमा में स्कूलों में पहुंचे: कलेक्टर

सिवनी (नव प्रदेश)। कलेक्टर डॉ राहुल हरिदास फटिंग की अध्यक्षता में सोमवार 14 मार्च को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में समय सीमा बैठक आयोजित हुई। कलेक्टर डॉ फटिंग ने विभागवार सीएम हेल्पलाइन प्रकरण, समय सीमा में दर्ज प्रकरण तथा पीजी पोर्टल की शिकायतों सहित सहित विभिन्न विभागों की योजनाओं की विभागवार समीक्षा कर आवश्यक दिशा निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए गए। उक्त बैठक में अपर कलेक्टर सुश्री सुनीता खण्डायत, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्री पार्थ जैसवाल सहित सभी अनुविभागीय अधिकारी एवं विभागों के कार्यालय प्रमुख उपस्थित थे।

बैठक में कलेक्टर डॉ फटिंग ने जिलेवार रैंकिंग के लिए चयनित शिकायतों पर त्वरित कार्यवाही करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। उन्होंने आगामी समय में होने वाले गेहूं उपार्जन की तैयारियों की समीक्षा करते हुए प्रस्तावित उपार्जन केन्द्रों, साईलो बैग आदि के संबंध में जिला आपूर्ति अधिकारी से जानकारी लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। इसी तरह मण्डी के अधिकारियों से फसलवार आवक तथा औसत मूल्य की जानकारी भी कलेक्टर डॉ फटिंग द्वारा ली गई। उन्होंने जिला प्रबंधक नागरिक आपूर्ति विभाग को निर्देशित किया कि स्कूलों में बनाया जाने वाला मध्यान्ह भोजन का राशन समय सीमा में स्कूलों में पहुंचे तथा राशन की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान दिया जाए।

कलेक्टर डॉ फटिंग ने स्वच्छता सर्वेक्षण तैयारियों की भी निकायवार समीक्षा करते हुए सभी विभागीय अधिकारियों को समन्वित कार्यवाही करने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी शासकीय कार्यालयों एवं भवनों में साफ-सफाई, रंग-रोशन, वॉल पेंटिंग आदि करने के निर्देश दिए। साथ ही साथ स्वच्छता सर्वेक्षण में व्यवसायिक प्रतिष्ठानों, गैरसरकारी तथा सामाजिक संगठनो की सहभागिता सुनिश्चित करने के निर्देश डॉ फटिंग द्वारा दिए गए।

कलेक्टर डॉ फटिंग द्वारा ऑनलाईन वीसी के माध्यम से सीएम हेल्पलाईन प्रकरणों की विस्तृत समीक्षा की गई। उनहोंने खण्डस्तरीय अधिकारियों से शिकायतवार चर्चा कर शिकायतों को शीघ्र बंद किए जाने को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। इसी तरह वैक्सीनेशन अभियान की भी समीक्षा कर 15 से 17 वर्ष के बच्चों के द्वितीय डोज, फ्रंटलाईन वर्कर के बूस्टर डोज शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश संबंधित खण्डस्तरीय अधिकारियों को दिए गए। इसी तरह द्वितीय डोज के लिए शेष बचे आमजनों का चिन्हांकन कर वैक्सीनेशन पूर्ण करवाने के निर्देश सभी संबंधित अधिकारियों को दिए गए।

विधायक मुनमुन क्षेत्रीय समस्याओं को लेकर मुख्यमंत्री से मिले

सिवनी (नव प्रदेश)। सिवनी विधानसभा क्षेत्र के भाजपा विधायक दिनेश राय मुनमुन क्षेत्रीय समस्याओं को लेकर प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान से मिले। इस दौरान लियाकत अली खान उपाध्यक्ष नगर परिषद लखनादौन, रमेश यादव, मुगदर सोनी उपस्थित थे।

मॉडल रोड़ की दुर्दशा को लेकर सीएमओ से मिला कांग्रेस का प्रतिनिधी मंडल

सिवनी (नव प्रदेश)। सिवनी नगरपालिका मॉडल रोड़ की हो रही दुर्दशा को लेकर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष राजकुमार खुराना कांग्रेस प्रतिनिधि मंडल के साथ मुख्य नगरपालिका अधिकारी नवनीत पांडे से मुलाकात की, मुख्य नगरपालिका अधिकारी ने बताया कि अप्रेल माह में मॉडल रोड़ की मरम्मत के लिए निविदा आमंत्रित की जायेगी, खुराना ने कहा कि कार्य आदेश जारी होने तक 6 महिने लग जायेगे, तब तक नगर वासियों को क्या ऐसी ही सडक़ से गुजरना होगा। जब तक सडक़ निर्माण के लिए कार्य आदेश जारी नही होता, तब तक आप इस सडक़ की मरम्मत अतिशीघ्र

कराये, एन. एच. ए. आई द्वारा सिवनी सांसद महोदय को पत्र लिखा गया है कि नगझर से लेकर खैरीटेक जिसके अन्तर्गत मॉडल रोड़ भी शामिल है एवं छिन्दवाड़ा एवं नागपुर रोड़ के रेल्वे क्रासिंग में अन्डर ब्रिज, का निर्माण किया जाना है तो सिवनी नगरपालिका इस मॉडल रोड के लिए लगभग 3 करोड़ रूपए क्यो खर्च कर रही है मॉडल रोड़ का कार्य भी एन.एच. ए. आई द्वारा हो जाने दे। नवनीत पांडे कहा कि इस संबंध में मुझे कोई जानकारी नही है। नवीन जलावर्धन योजना से दिये गये कनेक्शनो से लोगो को पर्याप्त मात्रा में पानी नही मिल पा रहा है मुख्य नगरपालिका अधिकारी द्वारा आश्वासन दिया गया कि 7 दिवस के अंदर स्थिती को सुधार लिया जायेगा, नवीन जलावर्धन योजना से लोगो को पर्याप्त मात्रा में पानी मिलने लगेगा। ट्राफिक सिंगनल भी कई माह से बंद पड़े है नवनीत पांडे ने बताया कि नगर में सिंगनल की आवश्यकता नही है सिंगनल के चालू होने से नगर में जाम लगता है सिंगनल में नगरपालिका द्वारा लाखो रूपए बर्बाद कर दिया गया है। कांग्रेस प्रतिनिधि मंडल में अतुलचंद मालू, सुजीत नाहटा, एड़ राजेन्द्र सिसोदिया, मोहनसिंह ठाकुर, राजिक अकील, राजेश मानाठाकुर, मुकेश चीकू सक्सेना, देवधर सक्सेना, सुमित मिश्रा उपस्थित रहें।

पालकी एवं सवदीप ब्रांड में रिपैकिंग तथा नवीन मूल्य अंकित पाए जाने को लेकर प्रकरण दर्ज

सिवनी (नव प्रदेश)। आगामी पर्व के मद्देनजर कलेक्टर डॉ राहुल हरिदास फटिंग द्वारा खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग को खाद्य प्रतिष्ठानों का औचक निरीक्षण के निर्देश दिए गए है। निर्देशो के परिपालन में खाद्य सुरक्षा प्रशासन विभाग के दल द्वारा खाद्य तेल विक्रेताओं के प्रतिष्ठानों का निरीक्षण किया गया। जिसमें नितिन सेल्स कॉर्पोरेशन खैरी टेक नागपुर रोड के प्रतिष्ठान के पालकी ब्रांड एवं सवदीप ब्रांड के तेल के पैकेट की जांच की गई प्रतिष्ठान में 750 मिली,1 लीटर, 3 लीटर एवं 5 लीटर की पैकिंग करते पाया गया। इसी तरह सुधा ट्रेडर्स प्रोपराइटर विजय कुमार अग्रवाल के प्रतिष्ठान से 15 लीटर की पैकिंग में कीमत मिटा कर दूसरी कीमत अंकित करने पर विधिक माप विज्ञान अधिनियम 2009 (पैकेज में रखी वस्तु) नियम 2011 के तहत धारा 15(1)/36(1) के तहत नियमों के उल्लंघन का प्रकरण पंजीकृत किया गया।

नगर रक्षा समिति के सदस्यों ने शहडोल जोन अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक डी. सी सागर को पुष्पगुच्छ देकर की मुलाकात

उमरिया

पाली थाना के अंतर्गत नगर रक्षा समिति के सदस्यों ने शहडोल जोन के एडीजीपी (ADGP) अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक (आईपीएस) श्री मान दिनेश चंद्र सागर स ंजी से पुष्पगुच्छ देकर मुलाकात की। हिमांशु तिवारी, पारस सिंह परिहार, इनायत अहमद ये रहे उपस्थित ।

अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक श्रीमान डी. सी सागर ने कहा कि पुलिस की रीढ़ की हड्डी की तरह ग्राम रक्षा समिति के सदस्य काम करते हैं। जिन थानों में पुलिस बल की कमी रहती है, उसमें आप निस्वार्थ भाव से अपना दायित्व बखूबी निभाते हैं, आप सभी पर महत्वपूर्ण दायित्व होता है, आप जिन ग्रामीण एवं नगर क्षेत्रों में रहते हैं, वहां होने वाली सभी गतिविधियों पर विशेष नजर होनी चाहिए। ग्राम एवं नगर रक्षा समिति के सदस्य पुलिस की भांति अपने सेवा भाव एवं समर्पण मन से अपने-अपने क्षेत्र में होने वाली सभी गतिविधियां एवं वारदात पर नजर रखें तथा होने वाली आशंकाओं और संभावनाओं की जानकारी समय-समय पर प्रदान करें। यह संभव है कि आपकी मदद से ग्राम एवं नगर पूर्णरूपेण सुरक्षित रहेगा।जिन थानों में पुलिस बल की कमी रहती है, उसमें ग्राम एवं नगर रक्षा समिति के सदस्य निस्वार्थ भाव से अपना दायित्व बखूबी निभाते हैं, आप सभी पर महत्वपूर्ण दायित्व होता है। आप पुलिस और प्रशासन के साथ कदम से कदम मिलाकर ग्राम एवं नगर में होने वाले घटनाओं पर प्रतिबंध लगाने में मदद कर सकते हैं। आप सभी शासन के अभिन्न अंग हैं जो शासन के दिए गए दायित्वों का निर्वहन पूर्ण निष्ठा एवं आस्था के साथ करते है।

डकैती के 04 आरोपी थाना मानपुर पुलिस द्वारा गिरफ्तार

उमरिया

फरियादी रमेश कुमार पटेल पिता नारायण प्रसाद पटेल निवासी करौंदीकला थाना बरही जिला कटनी द्वारा थाना आकर एक लिखित आवेदन पत्र प्रस्तुत किया कि वह दिनांक- 03/03/22 को ट्रक क्रमांक- **MP**- 19- **HA**- 4990 में सीमेन्ट लोड कर ताला आया था, ताला में सीमेंट उतारकर पेट्रोल टंकी ताला के आगे गाड़ी खड़ी कर सो गया था, रात करीब 01=20 बजे बोलेरो क्रमांक- **MP**-21- **C**- 7376 में पाँच अज्ञात आरोपी आये और उसे तलवार एवं राड से डरा धमकाकर डीजल टंकी का ताला तोड़कर ट्रक से करीब 100 लीटर डीजल ले गये । फरियादी की रिपोर्ट पर अज्ञात आरोपीगणो के विरूद्ध अपराध क्रमांक 75/22 धारा 395. 397 ताहि कायम कर विवेचना में लिया गया । पुलिस अधीक्षक उमरिया द्वारा अज्ञात आरोपियों की गिरफ्तारी हेतु थाना प्रभारी मानपुर को आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये जिसके परिणामस्वरूप , दिनांक 14/03/22 को ही आरोपी रवि रजक ,सुरेन्द्र यासी, शैलेन्द्र कुमार कचेर एवं प्रकाशचंद्र सोनी को गिरफ्तार किया जाकर पूछताछ की गई जिनके द्वारा जुर्म करना स्वीकार किया गया । गिरफ्तार आरोपियो से घटना में प्रयुक्त तलवार, राड एवं बोलेरो वाहन क्रमांक= **MP**-21- **C**- 7376 को जप्त किया गया । प्रकरण में दो आरोपी घटना दिनांक से फरार है, जिनकी पता तलाश की जा रही है।

महत्वपूर्ण भूमिका- सम्पूर्ण कार्यवाही में पुलिस अधीक्षक उमरिया श्री प्रमोद कुमार सिन्हा के मार्गदर्शन, अति. पुलिस अधीक्षक श्रीमती रेखा सिंह के निर्देशन में थाना प्रभारी मानपुर निरीक्षक वर्षा पटेल, चौकी प्रभारी ताला वीरेन्द्र यादव, आरक्षक-जगदीश एस्के, सुधीर द्विवेदी, अजय बघेल एवं सुदर्शन मिश्रा की उल्लेखनीय भूमिका रही है ।

23 से 27 मार्च 2022 तकविवेचना का 27 वां राट्रीय नाट्य समारोह

भगतसिंह पर केन्द्रित नाटक वसंती चोला से होगी शुरूआत

देश के चुनिंदा पांच नाटकों का मंचन होगा

उमरिया। विवेचना थियेटर ग्रुप (विवेचना, जबलपुर) का 27 वां राष्ट्रीय नाट्य समारोह इस वर्ष 23 से 27 मार्च 2022 तक आयोजित होगा। समारोह की शुरूआत 23 मार्च को भगतसिंह शहादत दिवस पर भगतसिंह पर केन्द्रित नाटक 'बसंती चोला' से होगी। इस नाटक का निर्देशन देश के जाने माने नाट्य निर्देशक केवल धालीवाल ने किया है। 23 मार्च शहादत दिवस के लिए पंजाब के प्रसिद्ध लोकगायकों का दल जबलपुर आ रहा है जो 'बसंती चोला' के मंचन से पहले वीरों की याद में वीर गायन करेगा।

यह समारोह 5 दिवसीय होगा। इस समारोह में विवेचना ने विशेष नाटकों का चुनाव किया है। पहले दिन बसंती चोला के मंचन के बाद दूसरे दिन 24 मार्च को एमेच्योर थियेटर ग्रुप,जम्मू के कलाकार देश के वरिष्ठ निर्देशक मुश्ताक काक के निर्देशन में 'लम्हों की मुलाकात' नाटक मंचित करेंगे। यह नाटक कृष्ण चंदर के दो कहानियों 'शहज़ादा' और 'पूरे चांद की रात' पर आधारित है। तीसरे दिन 25 मार्च शुक्रवार को प्रिज्म थियेटर सोसायटी, दिल्ली के कलाकार बहुप्रशंसित नाटक 'दरारें' का मंचन करेंगे। यह नाटक अन्तर्राट्रीय भारत रंगमहोत्सव में मंचित हो चुका है। यह नाटक आज के समय में परिवारों में पड़ी दरारों और उसके कारणों पर बात करता है। इसका निर्देशन विकास बाहरी ने किया है जिनके नाटकों को जबलपुर में बहुत पसंद किया गया है। चैथे दिन 26 मार्च को सिली सोल्स फाउंडेशन, दिल्ली के कलाकार दो अलग अलग भावों के नाटक 'एडवर्टीजमेंट' और 'पड़ोसन' प्रस्तुत करेंगे। इनका लेखन व निर्देशन प्रियंका शर्मा ने किया है। दो अलग अलग स्वभाव के नाटक दर्शकों को रोमांचित करेंगे। पांचवें और अंतिम दिन 27 मार्च को कारवां, भोपाल के कलाकार नजीर कुरैशी के निर्देशन में 'डॉ आप भी' नाटक मंचित करेंगे। यह नाटक आदर्शवादी डाक्टर पति और व्यावसायिक दृष्टिकोण वाली डाक्टर पत्नी के बीच के विवाद की कथा है। यह अजित दलवी के प्रसिद्ध मराठी नाटक 'डा. तुम्हीं सुद्धा ! ' का हिन्दी अनुवाद है।

शहपुरा महिला मुक्ति मोर्चा संगठन के द्वारा शराब बिक्री का भारी विरोध

शराब दुकान के सामने महिलाओं ने जमकर की नारेबाजी

नवप्रदेश, शहपुरा। मध्यप्रदेश शासन की पूर्व मुख्यमंत्री उमा भारती के द्वारा जिस प्रकार से अपने ही सरकार का विरोध करते हुए,शराब बिक्री का विरोध किया जा रहा है। अभी कुछ दिनों पूर्व ही भाजपा की पूर्व मुख्यमंत्री उमा भारती के द्वारा एक शराब दुकान में अपने समर्थकों के साथ पत्थरबाजी की गई थी। वहीं आदिवासी बाहुल्य जिला डिंडौरी के विकासखंड शहपुरा में महिला मुक्ति मोर्चा संगठन की जिलाध्यक्ष सुमन साहू के नेतृत्व में शराब बिक्री पर नारेबाजी करते हुए विरोध प्रदर्शन किया गया। संगठन की महिला सदस्यों के द्वारा चेतावनी देते हुए कहा गया है कि अगर जल्द ही शराब बिक्री पर प्रतिबंध नहीं लगाया जाता है। तो संगठन की सारी महिलाएं उग्र आंदोलन पर उतारू होंगी। जिसकी सम्पूर्ण जिम्मेदारी शासन प्रशासन की होगी! संगठन की महिलाओं के

द्वारा बताया गया कि सरकार के द्वारा समय-समय पर नशा मुक्ति का अभियान चलाया जाता है, किंतु सरकार के ही द्वारा इस प्रकार से गली-गली शराब की दुकानों को खोला जाना, कहीं ना कहीं नौजवानों के भविष्य से खिलवाड़ है। इस शराब बिक्री के कारण बहुत सारे घर बर्बाद हो चुके हैं, संगठन की महिलाओं का कहना है कि प्रदेश सरकार के द्वारा जल्द से जल्द शराबबंदी पर त्वरित निर्णय लेना चाहिए।

एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

-आपको बता दें कि शहपुरा के वार्ड नंबर 1 में शासकीय हाईस्कूल के पीछे स्थित शराब दुकान को हटाए जाने की मांग को लेकर महिलाओं ने मोर्चा खोल दिया है। वार्ड नंबर 1 सहित नगर की महिलाएं एकत्रित होकर शराब दुकान के खिलाफ जमकर नारेबाजी करते हुए एसडीएम कार्यालय जाकर मंगलवार की दोपहर एसडीएम काजल जावला को ज्ञापन सौंपा। महिलाओं का कहना है कि रहवासी इलाके में नगर के मध्य स्थित शराब दुकान के कारण यहां शराबियों का जमावड़ा लगा रहता है। जिससे सभी को बहुत परेशानियों का सामना करना पड़ता है। वहीं पास में ही शासकीय हाईस्कूल सहित 3 स्कूल संचालित हैं। जिससे यहां स्कूल की बाउंड्री के भीतर शराबी बोतल फेंक देते हैं जिससे बच्चों के दिमाग पर प्रतिकूल प्रभाव भी पड़ रहा है महिलाओं ने शासन-प्रशासन से मांग की है कि वार्ड नंबर 1 स्थित इस शराब दुकान को यहां से तत्काल हटाया जाए नहीं तो नगर सहित क्षेत्र की महिलाएं एकजुट होकर वृहद आंदोलन करेंगी।

फुटबाल क्रांति का उद्देश्य युवाओं को ताकतवर और सशक्त बनाना-कमिश्नर



अनूपपुर नवप्रदेश

कमिश्?नर शहडोल संभाग श्री राजीव शर्मा ने कहा है कि शहडोल संभाग में फुटबाल के खेल को गाँव-गाँव पहुँचाकर इसे फुटबाल क्रांति का स्वरूप देने का मुख्य उद्देश्?य शहडोल संभाग के युवाओं को ताकतवर और सशक्?त बनाना है। उन्होंने कहा है कि युवा शारीरिक रूप से सषक्त और ताकतवर होंगे, तभी जीवन की चुनौतियों का सामना दृढ़तापूर्वक करेंगे। युवाओं की भागीदारी, सेना, पुलिस, एन.डी.ए., भारतीय प्रशासनिक सेवा, राज्य प्रशासनिक एवं अन्य सेवाओं में बढ़ेगी। गाँव के युवा और बच्चे मोबाइल फोन के दुष्चक्र से बाहर निकलकर खुले मैदान में खेलेंगे। उन्होंने कहा है कि शहडोल संभाग देश का पहला संभाग है, जहाँ लगभग एक हजार फुटबाल क्लबों का गठन किया गया है। आज अमगवां के विशाल खेल मैदान में बेटियों को फुटबाल खेलते हुए देखकर मुझे बेहद खुशी हुई है। कमिश्?नर शहडोल संभाग श्री राजीव शर्मा आज अनूपपुर जिले के ग्राम पंचायत अमगवां में फुटबाल क्रांति के तहत आयोजित 10 दिवसीय फुटबाल मैच प्रतियोगिता के समापन समारोह को संबोधित कर रहे थे। समापन समारोह को संबोधित करते हुए पुलिस उप महानिदेशक श्री डी.सी. सागर ने कहा कि शहडोल संभाग के दूरदराज के ग्राम पंचायत अमगवां में आज बहुत ही बेहतरीन फुटबाल मैच का आयोजन किया गया है। उन्होने कहा कि शहडोल संभाग में फुटबाल क्रांति के जनक कमिश्नर शहडोल संभाग श्री राजीव शर्मा हैं। मैं उनके फुटबाल के प्रति सजगता और समर्पण और युवाओं को फुटबाल के प्रति जागरूक करने के लिए किए गए प्रयासों की सराहना करता हूँ।

उन्होंने कहा कि शहडोल संभाग के युवा स्वस्थ रहें। अपने कर्त्तव्य के प्रति सजग रहें इस उद्देश्?य से शहडोल संभाग में फुटबाल क्रांति का आगाज किया गया था, जिसके अपेक्षित परिणाम मिले हैं। आज गांव में फुटबाल क्लबों का गठन किया गया है तथा युवा फुटबाल के प्रति आकर्षित होकर फुटबाल के मैदानों में अपना जौहर दिखा रहे हैं।

उप पुलिस महानिदेशक ने कहा कि बगैर अच्छे स्वास्थ्य के युवा कुछ नहीं कर सकता। उन्होंने कहा कि युवाओं को शारीरिक तौर से ताकतवर और मजबूत रहने के लिए पौष्टिक आहार के साथ-साथ फुटबाल जैसे खेलों को अपनाना होगा। फुटबाल क्रांति के तहत आयोजित 10 दिवसीय खेल प्रतियोगिता का समापन मैच बाणसागर और बैकुण्ठपुर के बीच खेला गया।

समापन मैच के सभी खिलाड़ियों से कमिश्नर शहडोल संभाग, उप महानिदेशक पुलिस श्री दिनेश चंद्र सागर ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया तथा खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक अनूपपुर श्री अखिल पटेल, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व पुष्पराजगढ़ श्री अभिषेक चौधरी एवं बड़ी संख्या में दर्शक उपस्थित रहे।

न्यूज अपडेट

डूमरकछार की आंगनबाड़ी सहायिका को 21 मार्च तक उपस्थित होने के निर्देश

अनूपपुर नवप्रदेश।

महिला एवं बाल विकास विभाग की परियोजना अधिकारी ने सूचित किया है कि आंगनबाड़ी केन्द्र डूमरकछार-151 की आंगनबाड़ी सहायिका श्रीमती रजमनिया 26 सितम्बर 2020 से आज दिनांक तक निरन्तर कार्य पर अनुपस्थित हैं। श्रीमती रजमनिया को 21 मार्च 2022 तक कार्यालय में उपस्थित होने को कहा गया है। श्रीमती रजमनिया को भेजे गए सूचना पत्र में कहा गया है कि उपस्थित नहीं होने पर एकपक्षीय कार्यवाही करते हुए सेवा समाप्ति की जाएगी, जिसकी सम्पूर्ण जवाबदारी आप स्वयं की होगी।

ज.पं. जैतहरी ने सीएम हेल्पलाईन में प्राप्त किया ए ग्रेड

प्रमुख सचिव ग्रामीण विकास श्री उमराव ने ज.पं. सीईओ के योगदान को सराहा

अनूपपुर नवप्रदेश।

पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग अंतर्गत मुख्यमंत्री हेल्पलाईन 181 में दर्ज शिकायतों का व्यक्तिगत रुचि लेते हुए निराकरण कराए जाने पर जनपद पंचायत जैतहरी के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री सतीश कुमार तिवारी की मध्यप्रदेश शासन पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के प्रमुख सचिव श्री उमाकांत उमराव द्वारा प्रशंसा की गई है। उन्होंने प्रशंसा पत्र में श्री तिवारी द्वारा मुख्यमंत्री हेल्पलाईन में प्राप्त शिकायतों के अनुश्रवण एवं निराकरण में उत्कृष्ट कार्य के फलस्वरूप माह दिसम्बर 2021 में 87.44 प्रतिशत वेटेज के साथ ए ग्रेड प्राप्त करने व प्रदेश स्तर पर विभागीय प्रदर्शन में सराहनीय योगदान के लिए जनपद पंचायत सीईओ श्री तिवारी एवं जनपद में सीएम हेल्पलाईन का कार्य कर रहे अधिकारी-कर्मचारियों को बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित करते हुए उज्वल भविष्य की कामना की गई है। उन्होंने भविष्य में भी इसी निष्ठा एवं भाव से आम जन के सेवा निष्पादन में 181 में प्राप्त शिकायतों का संतुष्टि पूर्वक निराकरण करते रहने की अपेक्षा व्यक्त की है।

शीघ्र होगा हुल्लड़ का प्रकाशन

अमलाई नवप्रदेश

हर वर्ष की भांति इस बार भी कोयलांचल के अमलाई से होली के अवसर पर प्रकाशित होने वाली पत्रिका हुल्लड़ का प्रकाशन किया जाएगाद्य गौरतलब है कि व्यंग से परिपूर्ण हुल्लड़ का प्रकाशन बीते 6 वर्षों से लगातार किया जा रहा है जिसमें कोयलांचल के पत्रकार विजय तिवारी अखिलेश सिंह निजामुद्दीन जीवन यादव एवं अविरल मिश्रा आदि का सहयोग हुल्लड़ की तैयारी में होता रहा है पूरे संभाग में होली के जश्न के सांथ हुल्लड़ पत्रिका के विमोचन का भी नगरवासियों को बेसब्री से इंतजार रहता है।

श्रमिकों के हित के लिये, राष्ट्रव्यापी हड़ताल 23 और 24 मार्च को

शहडोल नवप्रदेश

अमलाईसोहागपुर क्षेत्र में 23एवम24 मार्च की राष्ट्रव्यापी हड़ताल को सफल बनाने के लिए सयुक्त मोर्चा की बैठक सीटू कार्यालय में12/03/2022को हुई जिसमें सर्वसहमति से राष्ट्रीय मुद्दों के साथ सोहागपुर क्षेत्र के ज्वलंत मुद्दों के साथ हड़ताल पर उतरने में सहमति बनी द्य एच एम यस, एस ई के एम सी इंटक ,एटक ,सीटू एवम आर के एम एस इंटक के द्वारा हर तरीके से हड़ताल को सफल करने के लिए बैठक के बाद ही कमर कस लिया गया हैद्य संयुक्त मोर्चा के पदाधिकारियों का कहना था कि पूरे लामबंद होकर लड़ाई लड़ना है और श्रमिकों के हित के लिए संघर्ष करना हैद्य अब समय आ गया है कि केंद्र सरकार की मजदूर विरोधी नीतियों का विरोध करते हुए जमीनी स्तर पर लड़ाई लड़ा जाए।

बैठक में एच एम एस से शिव नारायण मिश्रा एस ई के एम सी इंटक से जयदीप पाल आर के एम एस इंटक से राम सजीवन शर्मा ,रामेश्वर गौतम, विजय मौर्या, एटक से रावेंद्र शुक्ला, संजय गर्ग मुकेश राय सीटू से शंकर बरगट विनोद राय ,अरुण गौतम आदि उपस्थित रहे।

मिलीभगत से अंचल में मादक कारोबार चरम पर, ग्रामीण परेशान

शहडोल नवप्रदेश

शहडोल जिले के जैसीनगर थाना क्षेत्र के जिम्मेदार हमले की निष्क्रियता और तथाकथित मिनी भगत के चलते सारे नियम कायदों को दरकिनार कर अवैध कारोबार इन दिनों चरम पर हैद्य जहां कस्बे से लेकर गांव-गांव तक अवैध शराब का कारोबार फैल गया है और कोरेक्स एवं गांजा जैसे अवैध मादक पदार्थ पान की गुमटी उसे लेकर किराना की दुकान एवं मेडिकल स्टोरों में बिक रहा हैद्य वही अवैध गिट्टी बालू से ओवरलोड वाहन 24 घंटे धमाचौकड़ी मचाते देखे जाते हैं बीते 3 माह के अंतराल में जिम्मेदार अमले द्वारा खनिज माफिया के खिलाफ ठोस कार्यवाही नहीं की गई है जिसका परिणाम पूरे अंचल में माफिया राज कायम है अवैध मादक पदार्थ कारोबारियों की चल रही एकछत्र राज जिसके चलते कानून व्यवस्था व्यवस्थित रखने वाले स्थानीय जिम्मेदारों के कारगुजारी पर प्रश्नचिन्ह लगना लाजमी हैद्य यहां सबसे बड़ा सवाल उठता है कि आखिर किसके संरक्षण में गांव-गांव अवैध शराब का कारोबार किया जा रहा है कोरेक्स गांजा तस्करों एवं गिट्टी एवं बालू माफिया को शरण दिया जा रहा है।

क्षेत्र के जनमानस की माने तो सार्वजनिक स्थलों भीड़भाड़ वाले स्थानों में धमाचौकड़ी मारने वाले ओवरलोड वाहनों के खिलाफ आम जनता द्वारा जब आवाज उठाई जाती है जबकि शासन प्रशासन स्तर पर इस अंतराल में धरपकड़ हेतु अभियान भी चलाए गए कई बार तो ऐसी भी स्थितियां गुजरी की वाहन चेकिंग के दौरान अधीनस्थ कर्मचारियों द्वारा ओवरलोड एवं बिना परमिट के गिट्टी बालू परिवहन करने वाले वाहनों को पकड़ा गया उस दौरान ऐसे हालात आए कि कानून पर माफिया किस्म के कारोबारियों की विजय भी हुई।

यदि समय रहते जिम्मेदार आला अधिकारियों द्वारा अवैध कारोबारियों के कारोबार पर कड़ी कार्यवाही नहीं की जाती है तो आने वाला समय जयसिंह नगर अंचल में निवासरत जनता के लिए कष्ट कारक हो सकता है।

प्रधानमंत्री के मंसूबों में पानी फेर रहे हैं देवरी ग्राम पंचायत सचिव एव सरपंच

अखिलेश सिंह/शहडोल नवप्रदेश

शहडोल जिला अंतर्गत बुढार जनपद पंचायत के देवरी ग्राम पंचायत के लोग अभी से पानी के लिए त्राहि-त्राहि मचा हुआ है जबकि अभी गर्मी अच्छे ढंग से शुरू नहीं हुई है फिर भी पानी के लिए त्राहि-त्राहि मच गई है द्यहजारों की तादाद में ग्रामीण बस्ती में निवासरत है और लोग पानी के लिए त्राहिमाम त्राहिमाम कर रहे हैं जबकि एक तरफ देश के प्रधानमंत्री बड़े-बड़े वादा करते हैं नल जल योजना और बिजली देने परंतु अधिकारी देश के प्रधानमंत्री मंसूबों में पानी फेरते नजर आ रहे हैं अपनी पानी की समस्या लेकर ग्राम पंचायत देवरी के लोग जब सीओ के पास पहुंचे तो सीओ ने शिकायत लेकर और कचरे के टोकरी में डाल दो जबकि पानी मनुष्य के जीवन का एक अहम हिस्सा है फिर भी उच्च अधिकारी क्यों ध्यान नहीं दे रहे हैंद्य शिकायतकर्ता अखिलेश दुबेदी नत्थू पाव बबलू पाओ ओमवती पाव परसोत्तम राव जितेंद्र भट्ट ने बताया की नल जल योजना का पैसा सरपंच एवं सचिव द्वारा आहरित कर लिया गया है बावजूद इसके नल जल योजना 4 माह से ठप पड़ी हुई है जब इस संबंध में जनपद पंचायत सीईओ से संपर्क साधा गया तो उनके द्वारा फोन रिसीव करना उचित नहीं समझे

बस्ती वासी परेशान हैं काले धुएं के गुबार से इंदिरा नगर के वाशिंदे परेशान

अखिलेश सिंह/शहडोल

अमलाई प्राप्त जानकारी के अनुसार इन दिनों शहडोल जिले के नगर परिषद ब कहो के अंतर्गत इंदिरा नगर के वाशिंदे कोल्डेस्ट एवं काले धुएं के धुंध से परेशान हैं किंतु और ना ही प्रदूषण विभाग द्वारा ध्यान दिया जा रहा है और ना ही नगर परिषद अमले द्वाराद्य बताया जाता है कि बस्ती के बीचो बीच साइडिंग खोल दी गई है जहां रेल मार्ग से आने वाले रैक से कोयले की लोडिंग एवं अनलोडिंग की जा रही हैद्य बस्ती के बीचो बीच साइडिंग खोलने के पूर्व मोहल्ले के बाशिंदों ने साइडिंग ना खोलने की गुहार प्रशासन से लगाई दी थी किंतु जनहित के मुद्दे पर प्रशासन ने ध्यान नहीं दिया और लोगों की मांग के बावजूद भी बस्ती के बीचो-बीच साइडिंग का संचालन करने की छूट दे दीद्य सूत्र बताते हैं कि इस साइडिंग में किसी भी प्रकार का नियम का पालन नहीं किया जा रहा है और भारी वाहनों का कोयला लोड कर परिवहन किया जा रहा हैद्य नियम के तहत चहारदीवारी भी जिस ऊंचाई से बनाई जानी चाहिए उस ऊंचाई से नहीं बनाई गई है और पानी का छिड़काव भी नहीं किया जा रहा हैद्य धनपुरी एवं बुढार के पहुंच वाले व्यवसायियों ने कोयले की लोडिंग अनलोडिंग की जिम्मेदारी ली है और नियमों को धता बताते हुए कोयले का परिवहन भी किया जा रहा हैद्य मुख्य मार्ग के किनारे स्थित इस साइडिंग में किसी भी प्रकार का सूचना बोर्ड भी नहीं लगाया गया है और मुख्य मार्ग से आने-जाने वाले वाहन चालकों को यह जानकारी नहीं रहती है कि साइडिंग के अंदर से कोयले से लदे वाहनों का आना-जाना होता रहता है और ऐसे में दुर्घटना की आशंका भी बनी रहती हैद्य बड़ी विडंबना है कि नागरिकों की मांग पर प्रशासन द्वारा हमेशा ही अनदेखी की जा रही है इंदिरा नगर के बाशिंदों का मानना है कि एक साइडिंग से किसी तरह तो मुक्ति मिली है वहीं अब दूसरे साइडिंग के कारण प्रदूषण की समस्या उत्पन्न हो रही है और लोगों का जीना भी दुश्वार हो रहा है ऐसे में जिम्मेदार अधिकारियों को जनहित के लिए कदम उठाना चाहिए लेकिन व्यवसायियों की ऊंची होने के कारण किसी भी प्रकार का ध्यान नहीं दिया जा रहा हैद्य नगर परिषद के जिम्मेदार अधिकारियों को भी वार्ड क्रमांक 15 अंतर्गत हो रहे साइडिंग के संचालन के लिए गाइडलाइन भी तैयार की जानी चाहिए लेकिन परिषद के जिम्मेदार अधिकारियों ने भी जनता के हित में किसी प्रकार की सुध नहीं ली जा रही है जिसके कारण जनता को परेशान होना पड़ रहा हैद्य सूत्र बताते हैं कि जनता एक बार फिर आर पार की लड़ाई का मूड बना रही है और ऐसे कयास लगाए जा रहे हैं कि जनता जनार्दन आंदोलन का रास्ता भी अख्तियार कर सकती हैद्य

संपादकीय

कांग्रेस को आत्मचिंतन की जरूरत

उत्तर प्रदेश सहित पांच राज्यों के विधानसभा चुनाव में देश के सबसे पुराने राजनीतिक दल कांग्रेस को करारी हार का सामना करना पड़ा है। इस पराजय के कारणों की कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी ने कांग्रेस कार्यसमिति की बैठक बुलाकर समीक्षा की है लेकिन आज जरूरत इस बात की है कि कांग्रेस पार्टी अपनी दुर्दशा के कारणों को लेकर गहन विचार विमर्श और आत्मचिंतन करें। चुनाव दर चुनाव कांग्रेस को पराजय का कड़वा घूंट आखिर क्यों पीना पड़ रहा है। दो लोकसभा चुनाव में कांग्रेस का ग्राफ नीचे गिरा है और इसके बाद विभिन्न राज्यों के विधानसभा चुनाव में भी उसे हार का ही सामना करना पड़ा है। जिन चार राज्यों में कांग्रेस की सरकार थी उसमें से एक मध्यप्रदेश उसके हाथ से निकल चुका है। राजस्थान में भी हालात कुछ ठीक नहीं है। पंजाब में कांग्रेस को अपनी सरकार फिर से बनने की उम्मीद थी लेकिन वहां उसे आम आदमी पार्टी ने शर्मनाक पराजय के लिए बाद्ध कर दिया। उत्तर प्रदेश में तो कांग्रेस पार्टी ने 380 उम्मीदवारों की जमानत जब्त करवाकर एक नया कीर्तिमान रच डाला है। उत्तराखण्ड, मणिपुर और गोवा में भी कांग्रेस को करारा झटका लगा है। निश्चित रूप से कांग्रेस पार्टी के लिए ये बड़ा आघात है। इसके पूर्व बंगाल विधानसभा चुनाव में भी कांग्रेस को शर्मनाक पराजय मिली थी, जहां कांग्रेस पार्टी अपना खाता भी नहीं खोल पाई थी। लगभग वहीं स्थिति उत्तर प्रदेश में भी थी जहां किसी तरह उसने दो सीटें जीत कर अपना खाता खोल दिया। सत्ता के सेमीफाईनल कहे जाने वाले इन पांच राज्यों के विधानसभा चुनाव के नतीजों से यदि कांग्रेस अब भी सबक नहीं लेगी तो आगामी लोकसभा चुनाव में भी उसे इसी तरह की हार का सामना करना पड़ा सकता है और विपक्षी दलों के व्यंग्य बाणों का भी सामना करना पड़ेगा। पांच राज्यों में कांग्रेस की जो स्थिति बनी है उसे लेकर भाजपा नेता और केन्द्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने कांग्रेस पार्टी पर तंज कसा है कि चुनाव कैसे हारना है यह कांग्रेस पार्टी से सीखा जा सकता है। यदि कंाग्रेस पार्टी ने अपनी रीति और नीति में बदलाव नहीं किया तो कल को इसी तरह के तंज उनकी अपनी पार्टी के नेता भी कंसने लगेंगे। उम्मीद की जानी चाहिए कि कांग्रेस पार्टी पराजय के कारणों की ईमानदारी से समीक्षा करेगी और अपनी कमियों को दूर कर के एकबार फिर मजबूती के साथ उभरेगी। लोकतंत्र में सत्ता पक्ष के साथ थी विपक्ष का भी मजबूत रहना निहायत जरूरी है इसलिए कांग्रेस को इस बारे में आत्म चिंतन करना चाहिए।

लघुकथा

जिन्ना और आरएसएस?

मोहम्मद अली जिन्ना को पाकिस्तान का राष्ट्रपिता कहा जाता है, जैसे गांधी को भारत का राष्ट्रपिता माना जाता है लेकिन भारत के राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की नजर में जिन्ना से अधिक घृणित व्यक्ति कौन रहा है? जून 2005 में जब भाजपा के अध्यक्ष और पूर्व उप-प्रधानमंत्री लालकृष्ण आडवाणी कराची स्थित जिन्ना की मजार पर गए तो भारत में इतना जबर्दस्त हंगामा हुआ कि उन्हें अपने पद से इस्तीफा देना पड़ा। लेकिन अब देखिए कि सरसंघचालक मोहन भागवत के नेतृत्व में संघ का रवैया कितना उदारवादी हो गया है। अहमदाबाद में आजकल राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की अखिल भारतीय प्रतिनिधि सभा का अधिवेशन चल रहा है। उस अधिवेशन की प्रदर्शनी में गुजरात के 200 विशिष्ट व्यक्तियों के चित्र लगाए गए हैं। उसमें महात्मा गांधी के साथ मोहम्मद अली जिन्ना का चित्र भी लगा हुआ है। उसके नीचे लिखा है, जिन्ना पक्के राष्ट्रभक्त थे लेकिन बाद में धर्म के आधार पर उन्होंने भारत का विभाजन करवाया। सच्चाई तो यह है कि जिन्ना अगर नहीं होते तो भारत के टुकड़े ही नहीं होते। भारत के लोगों को यह पता ही नहीं है कि जिन्ना कांग्रेस के सबसे कट्टर धर्म-निरपेक्ष नेताओं में से एक रहे थे। वे सच्चे अर्थों में मुसलमान भी नहीं थे। वे गाय और सूअर के गोश्त में फर्क नहीं करते थे। न उन्हें उर्दू आती थी और न ही नमाज़ पढ़ना। वे कहते थे, ''मैं भारतीय पहले हूं, मुसलमान बाद में।'' उन्होंने तुर्की के खलीफा के समर्थन में चल रहे 'खिलाफत आंदोलन' का विरोध किया था जबकि इस घोर सांप्रदायिक आंदोलन का गांधी समर्थन कर रहे थे। 1920 में नागपुर के कांग्रेस के अधिवेशन में इस मुद्दे पर जिन्ना को इतना अपमानित किया गया कि वे बागी हो गए! गांधी और जिन्ना की यह टक्कर ही आगे जाकर पाकिस्तान के जन्म का कारण बनी। गांधी और जिन्ना, दोनों गुजराती, दोनों वकील, दोनों बनिए और दोनों की एक ही प्रारंभिक भक्तिन सरोजिनी नायडू! कट्टरपंथी मुल्ला जिन्ना को 'काफिरे-आजम' कहते थे और सरोजनी नायडू उन्हें 'हिन्दू-मुस्लिम एकता का राजदूत' कहती थीं। जब ये तथ्य मैंने सप्रमाण 1983 में कराची की जिन्ना एकेडमी में रखे थे तो बड़े–बड़े श्रोतागण हैरत में पड़ गए। वे भारत में फैले गांधीजी के वर्चस्व से इतना खफा हो गए थे कि राजनीति से संन्यास लेकर वे लंदन में जा बसे थे लेकिन लियाकत अली खान और उनकी बीवी शीला पंत उन्हें 1933 में लंदन से भारत खींच लाए। उन्होंने मुस्लिम लीगी नेता के तौर पर सारे भारत को भट्टी पर चढ़ा दिया, खून की नदियां बह गईं और भारत के टुकड़े हो गए लेकिन जिन्ना ने खुद स्वीकार किया कि ''यह उनके जीवन की सबसे बड़ी भूल थी।'' पाकिस्तान की संविधान सभा में उन्होंने अपने पहले एतिहासिक भाषण में धर्म-निरपेक्षता की गुहार लगाई, हिंदू-मुस्लिम भेदभाव को धिक्कारा और पाकिस्तान को प्रगतिशाली राष्ट्र बनाने का आह्वान किया। क्या आज का पाकिस्तान वही है, जिसका सपना जिन्ना ने देखा था? पहले उसने अपने दो टुकड़े कर लिये और जब से वह पैदा हुआ है, उसका जीवन कभी अमेरिका और कभी चीन की चाकरी में ही बीत रहा है।

अपने अधिकारों को लेकर सजग हों उपभोक्ता

योगेश कुमार गोयल

विश्व उपभोक्ता अधिकार दिवस मनाए जाने का मूल उद्देश्य यही है कि उपभोक्ताओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक किया जाए और अगर वे धोखाधड़ी, कालाबाजारी, घटतौली इत्यादि के शिकार होते हैं तो वे इसकी शिकायत उपभोक्ता अदालत में कर सकें। ग्राहकों के साथ आए दिन होने वाली धोखाधड़ी को रोकने और उपभोक्ता अधिकारों को ज्यादा मजबूती प्रदान करने के लिए देश में 20 जुलाई 2020 को 'उपभोक्ता संरक्षण कानून-2019' (कन्ज्यूमर प्रोटेक्शन एक्ट-2019) लागू किया गया, जिसमें उपभोक्ताओं को किसी भी प्रकार की ठगी और धोखाधड़ी से बचाने के लिए कई प्रावधान हैं। यह कानून अब साढ़े तीन दशक पुराने 'उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम 1986' का स्थान ले चुका है। भारत में उपभोक्ता संरक्षण कानून में स्पष्ट किया गया है कि प्रत्येक वह व्यक्ति उपभोक्ता है।

जमाखोरी, कालाबाजारी, मिलावट, नाप-तोल में गड़बड़ी, मनमाने दाम वसूलना, बगैर मानक वस्तुओं की बिक्री, ठगी, सामान की बिक्री के बाद गारंटी अथवा वारंटी के बावजूद सेवा प्रदान नहीं करना इत्यादि समस्याओं से ग्राहकों का सामना अक्सर होता रहता है। ऐसी ही समस्याओं से उन्हें निजात दिलाने और अपने अधिकारों के प्रति जागरूक करने के लिए प्रतिवर्ष 15 मार्च को विश्व उपभोक्ता अधिकार दिवस मनाया जाता है। वास्तव में यह उपभोक्ताओं को उनकी शक्तियों और अधिकारों के बारे में जागरूक करने का एक महत्वपूर्व अवसर है। उपभोक्ता आन्दोलन की नींव सबसे पहले 15 मार्च 1962 को अमेरिका में रखी गई थी और 15 मार्च 1983 से यह दिवस इसी दिन निरन्तर मनाया जा रहा है। भारत में उपभोक्ता आन्दोलन की शुरूआत मुम्बई में वर्ष 1966 में हुई थी। तत्पश्चात् पुणे में वर्ष 1974 में ग्राहक पंचायत की स्थापना के बाद कई राज्यों में उपभोक्ता कल्याण के लिए संस्थाओं का गठन किया गया। इस प्रकार उपभोक्ता हितों के संरक्षण की दिशा में यह आन्दोलन आगे बढ़ता गया। वैसे बाजार में उपभोक्ताओं का शोषण होना कोई नई बात नहीं है बल्कि उपभोक्ताओं के शोषण की जड़ें आज बहुत गहरी हो चुकी हैं। उपभोक्ताओं को इस शोषण से मुक्ति दिलाने के लिए कई कानून भी बनाए गए लेकिन जब से उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम के अस्तित्व में आने के बाद से उपभोक्ताओं को शीघ्र, त्वरित एवं कम खर्च पर न्याय दिलाने का मार्ग प्रशस्त हुआ और उपभोक्ताओं को किसी भी प्रकार की सेवाएं प्रदान करने वाली कम्पनियां व प्रतिष्ठान अपनी सेवाओं अथवा उत्पादों की गुणवत्ता में सुधार के प्रति सचेत हुए। विश्व उपभोक्ता अधिकार दिवस मनाए जाने का मूल उद्देश्य यही है कि उपभोक्ताओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक किया जाए और अगर वे धोखाधड़ी, कालाबाजारी, घटतौली इत्यादि के शिकार होते हैं तो वे इसकी शिकायत उपभोक्ता अदालत में कर सकें। ग्राहकों के साथ आए दिन होने वाली धोखाधड़ी को रोकने और उपभोक्ता अधिकारों को ज्यादा मजबूती प्रदान करने के लिए देश में 20 जुलाई 2020 को 'उपभोक्ता संरक्षण कानून-2019' (कन्ज्यूमर प्रोटेक्शन एक्ट-2019) लागू किया गया, जिसमें

उपभोक्ताओं को किसी भी प्रकार की ठगी और धोखाधड़ी से बचाने के लिए कई प्रावधान हैं। यह कानून अब साढ़े तीन दशक पुराने 'उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम 1986' का स्थान ले चुका है। भारत में उपभोक्ता संरक्षण कानून में स्पष्ट किया गया है कि प्रत्येक वह व्यक्ति उपभोक्ता है, जिसने किसी वस्तु या सेवा के क्रय के बदले धन का भुगतान किया है या भुगतान करने का आश्वासन दिया है और ऐसे में किसी भी प्रकार के शोषण अथवा उत्पीड़न के खिलाफवह अपनी आवाज उठा सकता है तथा क्षतिपूर्ति की मांग कर सकता है। खरीदी गई किसी वस्तु, उत्पाद अथवा सेवा में कमी या उसके कारण होने वाली किसी भी प्रकार की हानि के बदले उपभोक्ताओं को मिला कानूनी संरक्षण ही उपभोक्ता अधिकार है। यदि खरीदी गई किसी वस्तु या सेवा में कोई कमी है या उससे आपको कोई नुकसान हुआ है तो आप उपभोक्ता फोरम में अपनी शिकायत दर्ज करा सकते हैं।

उपभोक्ताओं का शोषण होने और ऐसे मामलों में उनके द्वारा उपभोक्ता अदालत की शरण लिए जाने के बाद मिले न्याय के कुछ मामलों पर नजर डालें तो स्पष्ट हो जाता है कि उपभोक्ता अदालतें उपभोक्ताओं के हितों के संरक्षण के लिए कितना बड़ा काम कर रही हैं। एक उपभोक्ता ने एक दुकान से बिजली का एक पंखा खरीदा लेकिन एक वर्ष की गारंटी होने के बावजूद थोड़े ही समय बाद पंखा खराब होने पर भी जब दुकानदार उसे ठीक कराने या बदलने में आनाकानी करने लगा तो उपभोक्ता ने उपभोक्ता अदालत का दरवाजा खटखटाया। अदालत ने अपने आदेश में नया पंखा देने के साथ उपभोक्ता को हर्जाना देने का भी फरमान सुनाया। एक अन्य मामले में एक आवेदक ने सरकारी नौकरी के लिए अपना आवेदन अंतिम तिथि से पांच दिन पूर्व ही स्पीड पोस्ट द्वारा संबंधित विभाग को भेज दिया लेकिन आवेदन निर्धारित तिथि तक नहीं पहुंचने के कारण उसे परीक्षा में बैठने का अवसर नहीं दिया गया। आवेदक ने डाक विभाग की लापरवाही को लेकर उपभोक्ता अदालत का दरवाजा खटखटाया और उसे न्याय मिला। चूंकि स्पीड पोस्ट को डाक अधिनियम में एक आवश्यक सेवा माना गया है, इसलिए उपभोक्ता अदालत ने डाक विभाग को सेवा शर्तों में कमी का दोषी पाते हुए डाक विभाग को मुआवजे के तौर पर आवेदक को एक हजार रुपये की राशि देने का आदेश दिया। ऐसी ही छोटी-बड़ी समस्याओं का सामना जीवन में कभी न कभी हम सभी को करना ही पड़ता है लेकिन अधिकांश लोग अपने अधिकारों की लड़ाई नहीं लड़ते। इसका एक प्रमुख कारण यही है कि देश की बहुत बड़ी आबादी अशिक्षित है, जो अपने अधिकारों और कर्त्तव्यों के प्रति अनभिज्ञ है लेकिन जब शिक्षित लोग भी अपने उपभोक्ता अधिकारों के प्रति उदासीन नजर आते हैं तो आश्चर्य होता है। यदि आप एक उपभोक्ता हैं और किसी भी प्रकार के शोषण के शिकार हुए हैं तो अपने अधिकारों की लड़ाई लड़कर न्याय पा सकते हैं। कोई वस्तु अथवा सेवा लेते समय हम धन का भुगतान तो करते हैं पर बदले में उसकी रसीद नहीं लेते। शोषण से मुक्ति पाने के लिए सबसे जरूरी है कि आप जो भी वस्तु, सेवा अथवा उत्पाद खरीदें, उसकी रसीद अवश्य लें। यदि आपके पास रसीद के तौर पर कोई सबूत ही नहीं है तो आप अपने मामले की पैरवी सही ढ़ंग से नहीं कर पाएंगे। पिछले कुछ वर्षों में ऐसे अनेक मामले सामने आ चुके हैं, जिनमें उपभोक्ता अदालतों से उपभोक्ताओं को पूरा न्याय मिला है लेकिन आपसे यह अपेक्षा तो होती ही है कि आप अपनी बात अथवा दावे के समर्थन में पर्याप्त सबूत तो पेश करें। उपभोक्ता अदालतों की सबसे बड़ी विशेषता यही है कि इनमें लंबी-चौड़ी अदालती कार्रवाई में पड़े बिना ही आसानी से शिकायत दर्ज कराई जा सकती है। यही नहीं, उपभोक्ता अदालतों से न्याय पाने के लिए न तो किसी प्रकार के अदालती शुल्क की आवश्यकता पड़ती है और मामलों का निपटारा भी शीघ्र होता है।

पानी को पानी की तरह बहाना भारी पड़ जाएगा

नरविजय यादव

पंजाब में जल निकासी की दर पुनःपूर्ति की दर के मुकाबले 1.66 गुना अधिक है। पंजाब में 1966-67 में हरित क्रांति के समय धान की खेती को बढ़ावा मिला, जिसमें पानी की खपत बहुत अधिक होती है। ऐसे में यह जरूरी हो जाता है कि पानी का उपयोग करने वाले किसानों, शहरी निकायों और औद्योगिक इकाइयों के लोगों को पानी और बिजली बचाने के उपायों के बारे में जागरूक किया जाए और उन्हें भूजल के गिरते स्तर से होने वाले खतरों के प्रति आगाह किया जाए। संयुक्त राष्ट्र ने अपनी नयी रिपोर्ट में पृथ्वी पर मंडराते जल संकट पर चेतावनी जारी की है। रिपोर्ट कहती है कि जलवायु परिवर्तन की वजह से सूखा, बाढ़ और पेयजल संबंधी संकटों में बढ़ोतरी हो रही है। दि स्टेट ऑफक्लाइमेट सर्विस 2021 नामक इस रिपोर्ट के अनुसार, वर्ष 2018 में लगभग 3.5 अरब आबादी के पास साल में ग्यारह माह के लिए पानी उपलब्ध था। ऐसी आशंका जतायी जा रही है कि यदि एहतियाती कदम नहीं उठाये गये तो वर्ष 2050 तक पानी का संकट झेलने वाले लोगों की संख्या 5 अरब हो सकती है।

भारत में भूजल में खतरनाक दर से गिरावट आ रही है, जिसके एक दशक से भी कम समय में दुनिया के सबसे अधिक आबादी वाले देश के रूप में चीन से आगे निकलने की उम्मीद है। भारत की एक तिहाई से अधिक आबादी जल-दबाव वाले क्षेत्रों में रहती है और यह संख्या घटते भूजल और बढ़ते शहरीकरण के कारण बढ़ना तय है। विश्व संसाधन संस्थान की एक रिपोर्ट के अनुसार, भारत अत्यधिक जल संकट का सामना कर रहे 17 देशों में से एक है। पिछले कुछ दशकों में भारत में पानी का संकट बढ़ गया है क्योंकि धान और गन्ने जैसी पानी की खपत वाली फसलों के लिए अधिक से अधिक भूजल निकालने के लिए बोरवेल खोदे गए थे। आदर्श रूप से, सतही जल को मानसून के मौसम में तालाबों में एकत्रित किया जाना चाहिए और भूजल के बजाय पूरे वर्ष इस संग्रहित जल का उपयोग किया जाना चाहिए। सेंट्रल ग्राउंडवाटर बोर्ड द्वारा चैक किए गए देश के 60 प्रतिशत से अधिक कुओं के जल स्तर में पिछले एक दशक में गिरावट दर्ज की गई।

कृषि कार्यों के लिए भूजल का अंधाधुंध इस्तेमाल करने के कारण पंजाब भूजल की कमी से जूझ रहा है और राज्य का 80 प्रतिशत क्षेत्र रेड ज़ोन में आ चुका है। ब्यूरो ऑफ इनर्जी एफिशिएंसी और पंजाब इनर्जी डवलपमेंट एजेंसी द्वारा कराई गई वर्कशॉप में एक विशेषज्ञ ने जानकारी दी कि पंजाब में बिजली से चलने वाले 16 लाख ट्यबवैल जमीन के नीचे से लगातार पानी खींचते रहते हैं, जिससे ग्राउंडवाटर लेवल चिंताजनक स्थिति में पहुंच चुका है। हालत यह है कि भूजल स्तर हर साल एक मीटर नीचे जा रहा है। जल स्तर में कमी का अध्ययन करने के लिए गठित पंजाब विधानसभा समिति ने अपनी रिपोर्ट में कहा था कि यदि भूमिजल को खींचने का मौजूदा ट्रेंड जारी रहा तो राज्य अगले 25 वर्षों में रेगिस्तान में बदल जाएगा। सरल शब्दों में कहा जाए तो हम जितना पानी जमीन में वापस भर रहे हैं उससे कहीं अधिक पानी अपने इस्तेमाल के लिए खींच रहे हैं। इसके परिणामस्वरूप जल स्तर नीचे जा रहा है। इससे पंजाब के मरुस्थलीकरण का खतरा पैदा हो गया है।

कृषि कार्यों के लिए भूजल का अंधाधुंध इस्तेमाल करने के कारण पंजाब भूजल की कमी से जूझ रहा है और राज्य का 80 प्रतिशत क्षेत्र रेड ज़ोन में आ चुका है। ब्यूरो ऑफइनर्जी एफिशिएंसी और पंजाब इनर्जी डवलपमेंट एजेंसी द्वारा कराई गई वर्कशॉप में एक विशेषज्ञ ने जानकारी दी कि पंजाब में बिजली से चलने वाले 16 लाख ट्यबवैल जमीन के नीचे से लगातार पानी खींचते रहते हैं, जिससे ग्राउंडवाटर लेवल चिंताजनक स्थिति में पहुंच चुका है। हालत यह है कि भूजल स्तर हर साल एक मीटर नीचे जा रहा है। जल स्तर में कमी का अध्ययन करने के लिए गठित पंजाब विधानसभा समिति ने अपनी रिपोर्ट में कहा था कि यदि भूमिजल को खींचने का मौजूदा ट्रेंड जारी रहा तो राज्य अगले 25 वर्षों में रेगिस्तान में बदल जाएगा।

पंजाब में जल निकासी की दर पुनःपूर्ति की दर के मुकाबले 1.66 गुना अधिक है। पंजाब में 1966-67 में हरित क्रांति के समय धान की खेती को बढ़ावा मिला, जिसमें पानी की खपत बहुत अधिक होती है। ऐसे में यह जरूरी हो जाता है कि पानी का उपयोग करने वाले किसानों, शहरी निकायों और औद्योगिक इकाइयों के लोगों को पानी और बिजली बचाने के उपायों के बारे में जागरूक किया जाए और उन्हें भूजल के गिरते स्तर से होने वाले खतरों के प्रति आगाह किया जाए। संयुक्त राष्ट्र ने अपनी नयी रिपोर्ट में पृथ्वी पर मंडराते जल संकट पर चेतावनी जारी की है। रिपोर्ट कहती है कि जलवायु परिवर्तन की वजह से सूखा, बाढ़ और पेयजल संबंधी संकटों में बढ़ोतरी हो रही है। दि स्टेट ऑफ क्लाइमेट सर्विस 2021 नामक इस रिपोर्ट के अनुसार, वर्ष 2018 में लगभग 3.5 अरब आबादी के पास साल में ग्यारह माह के लिए पानी उपलब्ध था। ऐसी आशंका जतायी जा रही है कि यदि एहतियाती कदम नहीं उठाये गये तो वर्ष 2050 तक पानी का संकट झेलने वाले लोगों की संख्या 5 अरब हो सकती है।

पाठकों की बात

पत्र, प्रतिक्रियाएं, सोशल मीडिया

जीत जो मिलेगी

जीत जो मिलेगी तब बल्लियों उछलकर स्वयं के चरित्र का प्रभाव ये बताएंगे, लोकतंत्र और संविधान पे करेंगे गर्व उंगलियां भूलके न किसी पे उठाएंगे हार जो मिलेगी तब देंगे व्यवस्था को दोषचुनाव आयोग को भी खूब गरियाएंगे सरकार पर फोड़ ठीकरा पराजय का दाग ईवीएम के चरित्र पे लगाएंगे।

- सुनिल शर्मा नील

अश्क बहते हुए

अश्क बहते हुए मुस्कुराना पड़ा धूप में आज फिर भीग जाना पड़ा मुद्दतों बाद जब उन से नजरें मिली फिर नजर से नजर को चुराना पड़ा मछलियाँ अपने जल मे ही जलने लगीं रूह को जिस्म से जब सजाना पड़ा हो गयी है मिलावट यहाँ इस कदर दुश्मनों को गले से लगाना पड़ा उम्र ढलती गयी प्यार बढ़ता गया इश्क अपना हमें फिर छुपाना पड़ा।

- दिनेश भोपाली

खास पाती

आज डर लगता है प्रेम कहने

आज डर लगता है प्रेम कहने से आज की परिस्थितियों में प्रेम मानों छूत की बिमारी है कोई मैं अभिशप्त रहा हूँ इस प्रेम से बचपन में माँ और श्यामा से बहुत प्रेम था, दूध देती थी दोनों माँ तन और श्यामा बच्चों के मुँह का अब वह प्रेम भी बाँट गया है दोस्तों, परिवार और बच्चों में एक दोस्त से बहुत प्रेम किया था सोचा भी था जीवन भर के लिए प्रेममय रहेंगे हम दोनों ही किन्तु समय एक सा नहीं रहता रहा भी नहीं जीवन में अब मेरे मैंने बहुत बार सोचा की लिखूं किसी मित्र को ..प्रेम है तुमसे किन्तु हर बार समय के छुरे ने निर्मम क़त्ल कर दिया उसका इसलिए डायरियों के पन्नों पर भी अब मैं फ़िर प्रेम लिखूं तो कैसे? प्रेम के क़त्ल से सिंहर जाता हूँ मैं। **- केदार नाथ शब्द मसीहा**

आस किरण रेगिस्तानी सी नैनों

आस किरण रेगिस्तानी सी नैनों की पलकों पर ठहरी याद कैक्टस के फूलों सी संग रहे दिन रात दुपहरी। तुझे समाहित कर खुद में ही कुछ मेरी कुछ तेरी सुनती साये के सँग बातें करती बिन खुशबू कुछ सहमी रहती छल जाते हैं सुंदरता को शूल चुभन की लगा कचहरी सपनों की रेतीली धरती मृग तृष्णा अभासित करती हृदय लालसा प्यासी होकर उसके पीछे भागा करती इतिश्री कर देता फिर आकर कटु सत्य सामने बन प्रहरी कंटक मन पर रंग बिरंगे पुष्प खिलें अनगित बहुतेरे धैर्य सिखा देते मानव को जीवन के संघर्षित घेरे सृष्टि कैक्टस के उपवन सी पुष्प शूल स्वीकार सब हरी।**- रजनी रामदेव**

युद्ध समाधान नहीं संहार करता है

युद्ध समाधान नहीं संहार करता है सल्तनत मगरूर है इंसानियत बेहाल है जंग की सुरसा का मुख होने लगा विकराल है आशियाने खंडहरों में हो रहे तब्दील अब चहुँदिशा वीभत्सता का मंडराता काल है। **- पूजा बंसल**

थक जाये कदम मेरे तुम

थक जाये कदम मेरे तुम सम्भाल लेना आंख बंद होने लगे तुम धीरे से जगा देना जब साथ कोई ना दें तुम हाथ थाम लेना ढूंढू जिंदगी को जब तुम जिंदगी ढूंढ देना बस इतना ही साथ प्रिय साथ तुम देना।

-प्रीति श्रीवास्तव

बिदेसिया कइसे मनावंव मैं तिहार

बिदेसिया कइसे मनावंव मैं तिहार तोर बिन जिनगी लागत हे पहार सावन बीतगे भादो निकलगे माघ-पूस के दिन घलो पुरगे माते हे फागुन मतवार लिख-लिख पतिया भेजेंव तोला सोर घलो नइ दिए रे तैं मोला अब लागत हे डोंगा मजधार गुन के रोथे माथा के टिकली पंड़री परगे लाली रे फुंदरी आंसू ढरकाथे सब सिंगार देखत रद्दा दूनों आंखी भरगे ठाढ़े-ठाढ़ मोर चिता बरगे सरपिन कस होगे हे निस्तार।

- कवि सुशील भोले

हिन्दू ब्राह्मण कशीमरी ब्राह्मण

हिन्दू ब्राह्मण कशीमरी ब्राह्मण जैसा न हो जाये। हालात तब और अब जो उन के साथ हुआ तुम्हारे साथ न हो इसलिए ये फिल्म देखना जरूरी है । योगी और मोदी के नाम पर मिर्ची क्यों लगती है समझ आ जायेगा।

- संध्या चतुर्वेदी

शिक्षा प्राप्ति की पहली सीढ़ी से

शिक्षा प्राप्ति की पहली सीढ़ी से आसमां को ध्येय बनाना है मंजिलें हैं दूर बहुत अभी,पर सधे हुए कदमों से आगे जाना है हौंसलों के पंख लगाए हो रही हूँ उड़ने को तैयार मजबूत नींव जो होगी तभी तो जीवन की नैया लगेगी पार।

- सीमा भाटिया

QUIZ TIME

1) वर्तमान में छ.ग. राज्य सरकार द्वारा शुरू की गई 'नवा जतन योजना' किस क्षेत्र से संबंधित है?

2) छत्तीसगढ़ का प्रथम पक्षी महोत्सव (31 जनवरी से 2 फरवरी 2021) कहाँ मनाया गया है?

3) राम वन गमन पर्यटन परिपथ परियोजना की कुल लागत कितनी है?

4) छत्तीसगढ़ में नक्सल प्रभावित जिलों की संख्या कितनी है?

5) इसरो द्वारा आयोजित वैज्ञानिक चयन परीक्षा में प्रथम स्थान हासिल करने वाली सृष्टि बाफना किस जिले से संबंधित है?

Ramaquiz

उत्तरमाला- (1) शिक्षा (2) गिधवा (बेमेतरा) (3) 133 करोड़ 55 लाख रुपए (4) 14 (5) दुर्ग

आज का इतिहास

नई दिल्ली (वार्ता)। 1236- विश्व प्रसिद्ध सूफी संत हजरत ख्वाजा मोइनुद्दीन चिश्ती अजमेरी रहमतुल्लाह अलैह का निधन। 1493- क्रिस्टोफर कोलम्बस अपने विश्व भ्रमण के बाद स्पेन लौटा। 1564- मुगल बादशाह अकबर ने जजिया कर हटाया। 1744- फ्रांसीसी सम्राट लुईस 15वें ने ब्रिटेन के खिलाफ युद्ध की घोषणा की। 1901- महान कुश्ती प्रशिक्षक एवं पहलवान गुरु हनुमान का जन्म। 1901- अमेरिका के सैन फ्रांसिस्को में घोडों की दौड पर प्रतिबंध लगा। 1907- फिनलैंड महिलाओं को वोट देने का अधिकार देने वाला पहला यूरोपीय देश बना। 1919- हैदराबाद में उस्मानिया विश्वविद्यालय का उद्घाटन हुआ। 1934- बहुजन समाज पार्टी के संस्थापक कांशीराम का जन्म। 1943- दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री साहिब सिह वर्मा का जन्म। 1964- सोवियत संघ ने पूर्वी कजाखस्तान में परमाणु परीक्षण किया। 1969- भारतीय नौसेना में पहला हेलीकॉप्टर दस्ता गोवा में शामिल किया गया। 1976- बॉलीवुड अभिनेता अभय देओल का जन्म। 1984- यूरोपीय देश तंजानिया में संविधान को अंगीकार किया। 1985- पहला डोमेन नाम 'सिम्बोलिक डॉट कॉम' पंजीकृत किया गया। 1988- आजादी के बाद पहली बार आठ राजनीतिक दलों ने भारत बंद का आह्वान किया। 1992- प्रसिद्ध साहित्यकार राही मासूम रज़ा का निधन। 1999- एल्डबजोर्ग लोवर नार्वे की प्रथम रक्षामंत्री बनीं। 2001- करासे फिज्री के पुनः प्रधानमंत्री चुने गए। 2002- बार्सिलोना में 2002 में यूरोपीय संघ शिखर सम्मेलन शुरू

यातायात संभाल नही पाए, बना दिए गए सीएसपी

रीवा नवप्रदेश । शहर की यातायात व्यवस्था को डीएसपी मनोज वर्मा सुधारने में नाकाम रहे उसके बाद भी उन्हें शहर के सीएसपी का प्रभार दे दिया गया दुर्भाग्य का विषय है की जो यातायात व्यवस्था के लिए नाकाम साबित हो रहे हैं उन्हें सीएसपी का प्रभाव कैसे दे दिया गया चर्चा का विषय बना हुआ है जो स्वयं के यातायात व्यवस्था को दुरुस्त करने में नाकाम है वह सीएसपी के पद मे रहकर शहर के अन्य उत्तरदायित्व को कैसे निर्वहन करते होंगे यह तो वही जानते हैं अथवा जिले के वरिष्ठ अधिकारी जिन्होंने इन्हें सीएसपी का पदभार दिया है दुर्भाग्य है कि शहर में इन दिनों यातायात की व्यवस्था बद से बदतर है यह दिनदहाड़े देखा जा सकता है क्या यही है रीवा के कानून व्यवस्था की गाइडलाइन जो अपने पद और व्यवस्था को चुस्त-दुरुस्त नहीं कर सकता व अन्य पद का भागीदार कैसे बना दिया गया क्या विभाग में अन्य अधिकारी नहीं है जो सीएसपी का पदभार ग्रहण कर सके और उसके उत्तरदायित्व का निर्वाह कर सकें सबसे प्रमुख विषय तो है कि जो अपनी प्रमुख उत्तरदायित्व यातायात का सुधार नहीं कर पाया क्या वह अन्य पद के लिए और उसके निर्वहन के लिए कुछ कर पाएगा यह तो असंभव दिख रहा है देखने में आ रहा है किस शहर की यातायात व्यवस्था भगवान भरोसे है जिसके जिम्मेदार यातायात विभाग के डीएसपी मनोज वर्मा हैं

उल्लेखनीय है कि इसके पहले शहर की यातायात व्यवस्था इस तरह से ना तो कभी बिगड़ी थी और ना ही यह अव्यवस्था कभी देखने को मिली अगर व्यवस्थाओं को सुधारने में अपने मातहत कर्मचारियों पर लगाम नहीं लगा पा रहे तो इस विषय पर केवल विभाग के वरिष्ठ अधिकारी ही निगरानी कर सकते हैं बाकी तो यह पब्लिक है सब जानती इसके जिम्मेदार अधिकारी इस ओर ध्यान दें नहीं तो महानगर की तर्ज पर रीवा शहर का निर्माण तो हो रहा है लेकिन लोग अपनी तय स्थान तक पहुंचने में भारी मशक्कत उठाते रहेंगे और महानगर के नाम पर केवल दिखावा रह जाएगा !

पेट्रोल पम्प बने अघोषित बस स्टैंड धमाका होने का सता रहा भय

मुनाफाखोर नियम विरूद्ध कर रहें सिलेंडर की रिफलिंग एवं बीच बाजार बना दिया गोदाम

नव प्रदेश सीधी।

जिला प्रशासन की लचर व्यवस्था के चलते गॉव से लेकर शहर तक हर जगह नियमों के पालन में कोताही बरती जा रही है, वहीं कुछ मुनाफाखोरों के द्वारा डंके की चोट पर नियम विरूद्ध कार्यो को गति प्रदान की जा रही है। अब देखिये ना समाचार के माध्यम से जिला प्रशासन का कई बार ध्यान आकृष्ट कर बताया गया कि जिला मुख्यालय में बीच बाजार एलपीजी गैस की अवैध रिफलिंग की जा रही है साथ ही पटेल पुल में शिव शक्ति गैस एजेंसी एवं पुलिस लाइन में एसपी आफिस के पहले लीना गैस एजेंसी द्वारा अपने कार्यालय के समीप घरेलू गैस सिलेंडर थोक के भाव रख कर वितरण कार्य किया जा रहा है, जो कि शासन द्वारा जारी नियमावली के विपरीत है। कतिपय कारणों से अगर आग लगती है या कोई दुर्घटना होती है तो उसकी भरपाई सैकड़ो निर्दोशों को करनी पडेगी। वहीं इनके परिसरों में रात्रि कालीन दर्जनों बसें खड़ी रहती हैं, और बसो के चालक परिचालक की लापरवाही के चलते कभी भी बड़ा अग्नि काण्ड होने का भय व्याप्त है।

पेट्रोल पम्प बनें अघोषित बस स्टैंड

जिले में संचालित आधा सैकड़ा से अधिक पेट्रोल पम्पों में रात्रि कालीन बनें अघोषित बस अड्डा में आगज़नी होने का लगातार भय सता रहा है। बताया जा रहा है कि रात्रि कालीन यहॉ खडी होने वाली बसों में चालक परिचालक द्वारा स्टोव व अन्य माध्यमों से भोजन बनाया जाता है साथ ही कई पेट्रोल पम्पों मे चालक परिचालक मदिरापान सेवन एवं सिगरेंट पीने के बाद बची हुई सिंगरेट को जलते हुए यूॅ ही फेंक देते हैं। उक्त परिस्थितयों में एक ओर तो उपभोक्ताओं के लिये भयपूर्ण महौल निर्मित होता है वहीं दूसरी ओर पेट्रोल पम्पो में आग लगने का भय सताता रहता है। जबकि नियम की अगर बात करें तो पेट्रोल पम्पो में रिफलिंग हेतु आए हुए टैंकर से लगभग 20 मीटर के दायरे में किसी भी प्रकार की अग्नि जैसे अग्नि प्रज्वलन के श्रोत सिगरेट, अग्नि लपटे, हेड फोन.मोबाइल फोन का उपयोग एवं दायरे के अंदर चाय समोसे बनाने के ठेले व अन्य प्रकार पूरी तरह से प्रतिबंधित है। उसके बाबजूद नियमों को धता बताते हुए मनमानी पूर्ण कार्य चल रहे हैं।

जिले में फिर हवा में फायर, बदमाशो ने घर के बाहर मचाया हंगामा

रीवा नवप्रदेश ।

जिले में अपराधी और अपराध बढ़ता ही जा रहा है आलम यह है कि पुलिस एक मामले पर कार्यवाही कर रही होती है कि दूसरा मामला सामने आ जाता है। बिछिया में गोलीबारी व सोमवार को हुई चाकूबाजी के बाद देर रात बदमाशो ने फिर से हवा में फायर दाग सनसनी फैला दी। घटना शहर के अमाहिया थाना क्षेत्र की है। जहां बाइक सवार बदमाशों ने एक घर के सामने ना सिर्फ जमकर हंगामा किया बल्कि हवा में फायर करते हुये मौके से निकल गए। अमाहिया थाना पुलिस ने मामले पर सख्त कार्यवाही करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार भी कर लिया है। जांच जारी है।

जानकारी के मुताबिक अमहिया निवासी रोशन गुप्ता के घर के बाहर देर रात करीब 11 बजे अलग अलग बाइकों में सवार होकर आधा दर्जन बदमाश पहुंचे और गाली गलौच शुरू कर दिया इतना ही नही उन्होंने घर के बाहर काफी उत्पाद मचाया और हंगामा किया। ने ना सिर्फ कुछ देर तक तो लोंग घर मे कैद रहे लेकिन मामला बढ़ता देख जब लोंग बाहर निकले तो बदमाश हवा में फायर करते हुए मौके से फरार हो गए।

जनकारी पुलिस को दी गई, पुलिस के मुताबिक मामले में प्रत्यूश पटेल नाम के एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है जबकि अन्य आरोपियों की तलाश की जा रही है। वही बताया जा रहा कि पीड़ित युवक रोशन का आरोपियों से पुराना विवाद है और उसी विवाद का बदला लेने के लिये आरोपी मोहल्ले में पहुंचे थे। पीड़ित के खिलाफ भी समान थाने में मामला दर्ज होने की बात सामने आई है।

नेहरू युवा केंद्र सीधी द्वारा वेबिनार के माध्यम से दिया गया वर्षा जल संचय का संदेश

नव प्रदेश सीधी. नेहरू युवा केंद्र सीधी द्वारा जल शक्ति अभियान के अंतर्गत बारिश के पानी को बचाने के लिए वेविनार का आयोजन किया गया। जिसमे कई युवा साथियों ने भाग लिया, जिला युवा अधिकारी कुलदीप सिंह ने बताया की वेबीनार का उद्देश्य जल शक्ति अभियान के अंतर्गत चलाए जा रहे कैच द रैन व्हेन इट फॉल व्हेयर इट फॉल के अंतर्गत युवाओं को जल के महत्व को समझाते हुए बारिश के जल को बचाने के तरीको के बारे में बताना है। देश भर में वर्षा जल संचयन के मॉडल को वेबिनार में बताया गया। छोटे छोटे कामों से भी पानी को बचाना है और युवाओं को हिस्सा लेने के लिए प्रेरित करना है। इस वेबीनार में अर्जुन सिंह, प्रदीप कुमार शुक्ला, ज्योति मिश्रा, रोशन अवधिया पूजा मिश्रा, उज्जवल मिश्रा, पूनम मिश्रा, विनय मिश्रा, राज कुमार वैश्य आदि उपस्थित रहे।

सीधी के खिलाड़ी राष्ट्रीय स्तर पर करेगे नाम रोशन: अजय सिंह राहुल

सीधी कबड्डी प्रीमियर लीग के समापन में अजय सिंह राहुल ने खिलाड़ियों को किया पुरस्कृत

नव प्रदेश सीधी। पूर्व नेता प्रतिपक्ष अजय सिंह राहुल के मुख्य आतिथ्य में सीधी कब्बड्डी प्रीमियम लीग द्वितीय सोपान का समापन समारोह और पुरस्कार वितरण छत्रसाल स्टेडियम में आयोजित किया गया। आयोजित कबड्डी टूर्नामेंट प्रदेश कांग्रेस महामंत्री ज्ञान सिंह चौहान के संरक्षण और समाजसेवी रोहन सिंह की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ। सीधी कबड्डी प्रीमियर लीग के समापन समारोह के मुख्य अतिथि पूर्व नेता प्रतिपक्ष अजय सिंह राहुल ने कहा कि आज क्रिकेट की इतनी लोकप्रियता है कि दूसरे खेलो के आयोजन बहुत कम होने लगे हैं ऐसे में इस कबड्डी टूर्नामेंट के आयोजकों द्वारा बहुत साहसी निर्णय लिया गया निश्चित ही आने वाले समय में यह टूर्नामेंट और भी बड़ा आकार लेकर और भव्य तरीके से आयोजित होगा जिस उत्साह और ऊर्जा के साथ खिलाड़ियों ने अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया है वह काबिले तारीफ है निश्चित ही आने वाले समय में जिले के खिलाड़ी देश और प्रदेश स्तर पर जिले का नाम रोशन करेंगे उक्त आयोजन के लिए मैं समिति के संरक्षक ज्ञान सिंह जी और उनकी पूरी टीम को बहुत-बहुत बधाई और शुभकामनाएं देता हूं टीमों के पर प्रायोजकों को भी बहुत-बहुत शुभकामनाएं देता हूं कि आप सब ने इस खेल को प्रायोजित किया साथ ही टूर्नामेंट में भाग लेने वाले सभी खिलाड़ियों को मेरी बहुत शुभकामनाएं हैं। आयोजित टूर्नामेंट के संरक्षक ज्ञान सिंह ने सभी का स्वागत करते हुए पूरे टूर्नामेंट की रूपरेखा प्रस्तुत की और समापन कार्यक्रम में पधारने के लिए पूर्व नेता प्रतिपक्ष अजय सिंह राहुल को धन्यवाद ज्ञापित किया, सभी टीमों के प्रायोजकों का भी आभार व्यक्त किया आपके बिना सहयोग के यह संभव नहीं हो पाता, साथ ही टूर्नामेंट के दौरान आयोजन समिति से जुड़े सभी साथियों आगंतुक अतिथि एवं खेल प्रेमियों का भी बहुत-बहुत आभार व्यक्त किया कब्बड्डी संघ सीधी द्वारा आयोजित टूर्नामेंट में सीधी के प्रबुद्ध जन एवं व्यवसायियों द्वारा विभिन्न टीमों को प्रायोजित किया गया जिनमें से मझौली योद्धा टीम के ओनर आरबी सिंह (टाटा कॉलेज सीधी) सीधी रॉयल्स के ओनर जगत सिंह(ज्ञान ग्रुप सीधी) कुसमी फाइटर्स के ओनर रोहन सिंह (कन्हैया टेंट हाउस) चुरहट किंग्स के ओनर नवीन सिंह(राजश्री पेवर ब्लॉक चुरहट) सिहावल चैलेंजर्स के ओनर जय सिंह ,गोपद बनास वॉरियर्स के ओनर भूपेंद्र सिंह रईस(सी एम कंट्रक्शन) ,बहरी हंटर्स के ऑनर विक्रम सिंह (शौर्य एसोसिएट) रामपुर नैकिन टीम के ऑनर अजय सिंह (अजय ट्रेडर्स) द्वारा टीमों को प्रायोजित किया गया और प्रतियोगिता में इनका महत्वपूर्ण योगदान रहा दिनांक 12 मार्च से प्रारंभ है ,सभी टीमों के खिलाड़ियों द्वारा उत्कृष्ट प्रदर्शन किया गया फाइनल मैच सीधी रॉयल्स और बहरी हंटर्स के बीच खेला गया जिसमें सीधी रॉयल्स की टीम विजेता रही। सीधी टीम के फ्रेंचाइजी ओनर वरिष्ठ व्यवसायी जगत सिंह चौहान थे कबड्डी प्रतियोगिता के दौरान सभी टीमों ने अपने बेहतरीन खेल का प्रदर्शन किया । विजेता एवं उपविजेता टीम के साथ उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को अजय सिंह राहुल के करकमलों से पुरस्कार वितरित किया गयासमापन कार्यक्रम में अध्यक्षता रतिभान पटेल और विशिष्ट अतिथि के रूप में उमेश तिवारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष रूद्र प्रताप सिंह बाबा,आनंद सिंह चौहान, वरिष्ठ कांग्रेस नेता राजेंद्र सिंह भदौरिया, हरिहर गोपाल मिश्रा ,सुरेश प्रताप सिंह,रंजना मिश्रा, सरदार अजीत सिंह,ओंकार सिंह कर्चुली,दयाशंकर पांडे, नवीन सिंह, ज्ञानेंद्र अग्निहोत्री,रमा मिश्रा,अरविंद तिवारी,अरविंद तिवारी संकट,संदीप उपाध्याय,,लक्ष्मी कांत शुक्ला,अजीत पाल सिंह,श्रीमती ममता सिंह, श्रीमती मेनका सिंह,सरदार अजीत सिंह,आईटी सेल के अध्यक्ष पंकज सिंह,किसान कांग्रेस के पंकज सिंह, जय सिंह डेम्हा,आर बी सिंह टाटा कॉलेज,अजय सिंह सेंगर,भूपेंद्र सिंह रहीस,विक्रम सिंह, सहित भारी संख्या में खेलप्रेमी उपस्थित रहे।

मोहनिया फाग महोत्सव में शामिल हुए अजय सिंह राहुल

नव प्रदेश सीधी। चुरहट विधानसभा अंतर्गत ग्राम मोहनिया के मंदिर प्रांगण में आयोजित फाग महोत्सव में पूर्व नेता प्रतिपक्ष अजय सिंह राहुल शामिल हुए जिसमें विभिन्न ग्रामों की 900 टोलियों ने हिस्सा लिया सभी के द्वारा फाग गायन प्रस्तुत किया गया। आयोजित फाग महोत्सव में पूर्व नेता प्रतिपक्ष अजय सिंह राहुल ने कहा कि हिंदुओं के प्रमुख त्योहारों में से होली एक महत्वपूर्ण त्यौहार है मैं सभी को होली की अग्रिम शुभकामनाएं देता हूं यह त्यौहार सांप्रदायिक सद्भाव, एकता और भाईचारे का संदेश देता है होली के त्यौहार में सभी लोग अपने अपने मतभेदों को भुलाकर एक दूसरे को रंग गुलाल लगाकर गले लगते हैं यह यह फाग गायन बहुत प्राचीन समय से चली आ रही हमारे विंध्य की सांस्कृतिक परंपरा का हिस्सा है और मैं यहां फाग गायन के लिए उपस्थित सभी जनों को बहुत-बहुत बधाई और शुभकामनाएं देता हूं कि आज के इंटरनेट और टीवी के युग में भी आप सब ने इस लोक कला को बचाए रखा है इस लोक कला को संजोए रखने की आवश्यकता है इसके संवर्धन की भी आवश्यकता है मेरा पूरा प्रयास रहेगा की इस कला के पारंगत लोगों को उचित मंच और स्थान मिले जिससे यह लोक कला जो हमारे विंध्य की धरोहर है उसे सजोया जा सके इस के उत्थान के लिए मुझसे जो भी अपेक्षाएं होंगी उसे मैं पूरा करने का प्रयास करूंगा आयोजकों को भी बहुत-बहुत शुभकामनाएं और बधाई है कि इस पारंपरिक शैली को आपके माध्यम से एक महोत्सव के रूप में लोगों के सामने लाने का मौका मिला है।

बच्चों का भविष्य अंधकार मैं शिक्षक गैर जिम्मेदार प्रशासन की आंखों में बड़ी पट्टी

मैहर विधानसभा के ग्राम सडेरा शासकीय माध्यमिक शाला का है शिक्षकों से मिली जानकारी के अनुसार इस स्कूल को बिरला सीमेंट प्लांट ने गोद भी लिया है लेकिन चलिए इसमें प्लांट वालों की कोई गलती नहीं है शासन भी शिक्षकों को टाइम से वेतन दे रहा है अब बताते हैं मामला क्या है मामला यह है की क्लास में जाकर जब आठवीं क्लास के बच्चे से जोड़ना घटाना यहां तक कि नाम पिता का नाम शाला का नाम लिखवाया गया तो नहीं बना ऐसे में बच्चों का भविष्य तो खतरे में है जब प्रभारी से पूछा गया तो उन्होंने क्या जवाब दिया कहा सर इसमें हमारी क्या गलती है शिक्षक स्कूल ही पढ़ाने नहीं आते हैं और मैं इसकी सूचना संकुल प्रभारी को दे चुका हूं लेकिन कोई कार्यवाही नहीं हुई ऊपर से मेरे ऊपर यह दबाव डाला जाता है शिक्षकों के द्वारा कि हम तुम्हें देख लेंगे ऐसा नहीं जब पत्रकार ने स्वयं फोन लगाकर जानकारी ली तो टीचर नशे की हालत में था फोन पर अनाप-शनाप बात कर रहा था जिसकी रिकॉर्डिंग है जिसको हम सार्वजनिक नहीं कर सकते तत्पश्चात उसी स्कूल के प्रभारी के पास फोन आता है कि वह पत्रकार कहां है उन्होंने बताया कि यहीं पर हैं तो टीचर के द्वारा बोला गया कि कितना बड़ा पत्रकार है मेरी तो सेटिंग भोपाल तक मैं देख लूंगा इसके बाद बीआरसी करण सिंह जी को जब फोन लगाकर बात करी तो उन्होंने प्रभारी को ही खरी-खोटी सुनाने लगे अब बताइए ऐसे स्कूल में चल रहे भ्रष्टाचारियों को संरक्षण कौन दे रहा है क्या जिले के कलेक्टर और शिक्षा मंत्री ऐसे ही स्कूलों का संचालन करा रहे हैं क्या बच्चों के भविष्य के साथ खिलवाड़ करने वाले इन शिक्षकों के ऊपर कोई कड़ी कार्यवाही नहीं होगी और अगर होगी तो कब तक होगी क्या कार्यवाही के नाम पर अधिकारी अपना कोरम ही पूरा करेंगे. अगले एपिसोड में एक टीचरों की काली करतूत का वीडियो ऑडियो भी वायरल किया जाएगा

पूजा पार्क सीधी की कथा का पंचम दिवस

कृष्ण की बाल लीला एवं गोवर्द्धन पूजन की महिमा कथा में

नव प्रदेश सीधी। राधा रमण गिरधारी ,गिरधारी श्याम बनबारी भजन से ब्यास पीठ से मंगलाचरण करते हुए कथा प्रबक्ता पं बाला ब्यंकटेश शास्त्री ने शहर के पूजा पार्क में उपस्थित श्रोतागणों को सम्बोधित करते हुए बताए कि हमारे प्रभु अवतरित हुए मथुरा में और लीला किये गोकुल में। इसका रहस्य सामान्य नही बल्कि अति गूढ है।इसीलिए हमारे वेदों की घोषणा है कि ब्रम्ह के आकार एवं स्वरूप को इन ज्ञानेन्द्रियों से देख पाना सरल नही है। कथा क्रम को आगे बढाते हुए कथा व्यास जी ने बताया कि यदि कृष्ण की भक्ति में प्रवेश करना हो तो गोपियों के प्रशस्त मार्ग का अनुसरण करना होगा।आगे महराज जी ने बताया कि जब बाबा को पता लगा कि हमारे यहॉ लाला हुआ है तो आनन्द से उछल पड़े तथा भागे -भागे ब्राम्हणों के पास गये और शुभ मुहूर्त पूछे।सभी बृजबासी बाबा को बधाई देते हुए कहने लगे चलो देख आयें नन्द घर लाला हुआ। बाबा सारा खजाना उत् साह के साथ खोल दिया तब उनके प्रसन्नता और समुदारता को देखते हुए साक्षात लक्ष्मी आकर भण्डार में बैठ गईं ताकि हीरा जवाहरात सोना आदि दान करते समय घटने न पाये।बाबा ने अगनित बासियों को हीरा सोना मन मुताबिक वितरित किये किन्तु भण्डार खाली नही हुआ क्योंकि उनके भीतर अटूट श्रद्धा विश्वास था।कृष्ण के बाल लीला का वर्णन करते हुए महराज जी श्रृंगारिक विवेचन करने लगे श्याम सलोना शरीर,कजरारे नैन,घुॅघराले बाल और पीत बसन नितान्त मनमोहक है। ऐसे छटाधारी की कृपा दृष्टि जिस पर पड़ जाती है उसका वर्तमान भूत और भविष्य तीनों सभल और सॅवर जाता है। ब्यास जी ने बताया कि बृज की एक दर्शनार्थी प्रार्थना करने लगी - तेरी ॲखिया हैं जादू भरी,बिहारी मैं तो कबसे खड़ी ।कन्हैया की दृष्टि ऐसे समर्पित भक्त पर पड़ी और उसका जीवन धन्य हो गया। कथा के उपसहार में गोवर्द्धन जी की महिमा का वर्णन करते हुए महराज जी ने बताया कि गोवर्द्धन जी आज भी चिरजीवी हैं।क्योंकि जो भी श्रद्धापूर्वक गोवर्द्धन महराज की परिक्रमा करते हैं उनकी मनोकामना पूर्ण होती है। फलतः यदि हम संसार को पकड़े बैठे रहेंगे तो कृष्ण की प्राप्ति नही होगी। अतएव श्याम सुंदर जी की कृपा पाने के लिए संसार के माया मोह को त्यागना पडेगा। उद्धरण देते हुए व्यंकटेश महराज ने कहा कि गोपियों का समर्पण कृष्ण के प्रति अटूट था इसलिए वे जगत की सुध-बुध भूलकर कृषणमय होगई। फलतः एक को पकड़ने के लिए एक छोड़ना पड़ता है। समग्रतः आज भी ऐसे रसिक अल्हड भक्त हैं जो बृज को एक मिनट नही छोड़ना चाहते हैं।कथा के प्रारंभ में आचार्यों द्वारा मंत्रोच्चारण के साथ व्यास पीठ की पूजा अर्चना हुई तथा श्रीकृष्ण रसामृत सेवा समिति के संरक्षक सुरेन्द्र सिंह बोरा,अध्यक्ष श्रीमती कुमुदिनी सिंह, पदाधिकारी श्रीमती माधुरी सिंह संतोश, बी.के. सिंह बाघेल, डॉ श्रीनिवास शुक्ल सरस,प्रोफेसर हरिहर द्विवेदी, राजमणि मिश्रा, धीरेन्द्र सिंह परिहार, अंजनी सिंह सौरभ, रामलाल सेन, तथा बरिष्ठ अधिवक्ता लालमणि सिंह चौहान आदि नें कथा व्यास पं बाला व्यंकटेश शास्त्री जी महराज का माल्यार्पण से स्वागत किया।

जिले में चिकित्सक ने बिन पूछे निकाल दिया स्वस्थ दांत

थमा दिया लम्बा-चौड़ा बिल, मरीज ने थाने में की शिकायत

रीवा नवप्रदेश ! शहर के एक चिकित्सक ने महिला का वह दांत ही निकाल दिया जो कि सही था। महिला के पति ने जब इस बात का विरोध किया तो आरोपी चिकित्सक ने युवक के साथ गाली-गलौज करते हुए उसके साथ अभद्रता भी की। फरियादी युवक सुशील गुप्ता द्वारा आरोपी चिकित्सक के खिलाफ कार्रवाई की मांग को लेकर अमहिया पुलिस से शिकायत की गई है। पुलिस द्वारा मामले की जांच की जा रही है।

युवक सुशील गुप्ता ने बताया कि गत दिवस मैं अमहिया थाना क्षेत्र स्थित इस्माइन विथ विजन मल्टी स्पेशियलिटी अस्पताल अपनी पत्नी स्वाती का दांत दिखाने गया था। जहां डॉ. स्नेह गुप्ता के लेटर पैड में एक अन्य चिकित्सक डॉ डीके गुप्ता ने मेरी पत्नी को देखा और दांत खराब होने की बात कहते हुए एक दांत निकाल दिया। दांत निकलवाने के बदले मुझसे 8300 रूपए लिए गए। जबकि खर्चा केवल 1800 बताया गया था। दूसरे दिन फिर मुझे और मेरी पत्नी को बुलाया गया। एक अन्य दांत खराब होने की बात कहते हुए

चिकित्सक ने मेरी अनुमति के बिना मेरी पत्नी का एक और दांत निकाल दिया। जबकि चिकित्सक ने जो दूसरा दांत निकाला उसमें किसी प्रकार की कोई दिक्कत नहीं थी। इसका खर्चा 11 हजार बताया गया। चिकित्सक द्वारा मेरी पत्नी का गलत ईलाज कर उसकी जान को खतरे में डाला गया है।

आई स्पेशलिस्ट है चिकित्सक फरियादी युवक ने अमहिया थाने में दिए अपने आवेदन में कहा कि डॉ. डीके गुप्ता सरकारी चिकित्सक है और वह जिला चिकित्सालय में अपनी सेवा दे रहा है। जबकि मेरी पत्नी का दांत की समस्या थी। युवक द्वारा चिकित्सक पर लगाए आरोप में कितनी सच्चाई है इसका पता जांच के बाद ही चल पाएगा।

अमहिया थाना प्रभारी शिवा अग्रवाल ने बताया कि युवक द्वारा एक चिकित्सक पर गलत ईलाज करने का आरोप लगाया गया है। प्राप्त शिकायत के आधार पर पुलिस द्वारा मामले की जांच की जा रही है। जांच के बाद ही स्थिति स्पष्ट हो पाएगी।

उचित मूल्य दुकान बराछ मे छह माह से खाद्यान न बांटने को लेकर मचा बबाल

एसडीएम की उपस्थिती मे बांटा गया तीन माह का खाद्यान,एसडीएम ने महिला को कहा झूठा तो महिला ने एसडीएम पर ताने चप्पल

पन्ना/पन्ना तहसील अंतर्गत ग्राम पंचायत बराछ उचित मूल्य दुकान में विगत 6 माह से खाद्यान्न वितरण नही किया जा रहा था जिससे लगातार ग्रामवासी आक्रोशित है। बराछ को लेकर जिला मुख्यालय तक आवेदन दे रहें थें उसके बावजूद उनकी समस्या का समाधान नही हो रहा था। उक्त मामले का निराकरण कराने कलेक्टर के निर्देश पर एसडीएम सत्यनारायण दर्रो स्वंय खाद्यान वितरण कराने खाद्य विभाग की टीम तथा पुलिस को लेकर पहुंचे थें। उनके द्वारा तीन माह जनवरी, फरवरी, मार्च का खाद्यान वितरण कराया जा रहा था। जिससे सभी ग्रामवासी संतुष्ट नही थें तथा ग्रामवासीयों द्वारा जमकर बबाल मचाया गया। उसी दौरान एक महिला ने एसडीएम पर ही आरोप लगाना शुरू कर

दिया जिससे एसडीएम ने झूठे आरोप लगाने को लेकर नाराजगी जताई। उक्त बात को लेकर महिला आपा खो बेठी तथा चप्पल उतारकर बतमीजी करने लगी। किसी प्रकार मामला शांत हुआ। एसडीएम की उपस्थिती मे तीन माह का खाद्यान वितरण कराया गया। गौरतलब है कि बराछ उचित मूल्य दुकान मे पदस्थ रहें सेल्स मैन विनोद चतुर्वेदी तथा समिति प्रबंधक मनोहर सिंह द्वारा गरीबो का 5 माह का खाद्यान वितरण न करके हडप लिया गया था तथा दुकान मे ताला लगाकर गायब थें। जिसको लेकर ग्रामवासी भारी परेशान थें तथा गरीबो के सामने रोजी रोटी का संकट उपत्पन्न हो गया है जिससे आक्रोश होना स्वभाविक है। इसी बात को लेकर ग्रामीणो ने आक्रोश बना हुआ है। फिलहाल तीन माह का खाद्यान वितरण होने से ग्रामीणो द्वारा राहत की सांस ली जा रही है। गौरतलब है कि पन्ना जिले मे प्रशासनिक लापरवाही के चलते आम लोग भारी परेशान है। लोगो द्वारा विभिन्न समस्याओं की शिकायते करने के बाबजूद निराकरण न होने से लोग भारी परेशान है।

इनका कहना है:- ग्रामवासीयों को तीन माह का खाद्यान वितरण करा दिया गया है, तथा समिति प्रबंधक एवं सेल्समैन के खिलाफ कार्यवाही की जा रही है, महिला द्वारा छह माह का खाद्यान मांगा जा रहा था तथा विवाद किया जा रहा था, जिसे समझाइश देकर शांत किया गया, शेष खाद्यान बाद मे वितरण करा दिया जायेगा।

सत्यनारायण दर्रो
अनुविभागीय अधिकारी पन्ना

ग्रामीण क्षेत्रों में गहराने लगा जल संकट

हैन्ड पंप, नल, जल योजनाए ठप्प, कागजो मे हो रहा सुधार कार्य

पन्ना/जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में जल संकट गंभीर रूप धारण कर रहा है, अधिकांश हैंडपंप मरम्मत के अभाव में पानी के बजाय गर्म हवा उगल रहे हैं, ग्राम पंचायतों के टैंकर शोपीस बने हुए हैं या फिर यह केवल सरपंच सचिव एवं अन्य रसूखदारों के इस्तेमाल तक सीमित हैं, दिन पर दिन गहराते जल संकट को देखकर भविष्य में यह समस्या और भी बिक रूल धारण करने की आशंका जताई जा रही है, ऐसी स्थिति में जिले के कई ग्रामों के लोगों को पलायन करने के लिए मजबूर होना प? सकता है, क्योंकि प्रशासनिक स्तर पर अभी तक यहां कोई ऐसी व्यवस्था नहीं की गई कि इन जल विहीन ग्रामों तक पेयजल पहुंचाया जा सके, जिला मुख्यालय के नजदीकी ग्राम भी पेयजल समस्या से परेशान हैं सबसे ज्यादा समस्या शाहनगर, पवई क्षेत्र में बताई जा रही है, ऐसे में लोग बूंद-बूंद पानी के लिए प्रतिदिन कोसों का सफर करते हैं जिला मुख्यालय से लगी नयापुरा के लोग कोसों दूर से साइकिल से पानी लाते हैं, वहीं मुख्यालय से लगभग लगभग 10 किलोमीटर की दूरी पर कटरा, सुनहरा, ग्राम में आदिवासी बस्ती के लोग क्षतिग्रस्त पाइप लाइन से टपक रहे बूंद बूंद पानी को एकत्र कर अपने परिवार की प्यास बुझाते हैं, पेयजल की इतनी विकराल समस्या को देखकर भी जिम्मेदारों द्वारा इसके निराकरण के कोई प्रयास नहीं किए जा रहे,

एक बार फिर असहाय लोगो के साथ खडा हुआ भगवती मानव कल्याण संगठन

तिंदनी केलोगो के साथ हुए अन्याय के खिलाफ दिया ज्ञापन

तेंदूखेडा/दमोह। भगवती मानव कल्याण संगठन भारतीय जन शक्ति चेतना पार्टी के बैनर तले तेंदूखेड़ा ब्लॉक के गांव तिदनी गांव के आए विस्थापित आदिवासियों ने अपना मुआवजा राशि शासन की गाइड लाइन के अनुसार नहीं दिए जाने का दर्द बयां करते हुए तेंदूखेड़ा एसडीएम के नाम तहसीलदार तेंदूखेड़ा को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में उल्लेख है कि विस्थापन कर घर पेड़ पौधे कुआँ जमीन आदि सब छोड़कर बेसहारा कर दिया गया लेकिन मुआवजा राशि शासकीय गाइडलाइन के अनुसार नहीं दी गई विस्थापित लोगों नहीं बताया विस्थापन के तहत गांव से घसीट घसीट कर पकड़ कर बिना किसी सूचना के हम लोगों को पशुओं की तरह 407 बलात्कार तारादेही के पास छोड़ दिया जिसके चलते हम लोग अब मारे मारे भूखे प्यासे फिर रहे हैं और हमारी सारी गृहस्थी मिट गई है हम बर्बाद हो गए हैं ऐसी महंगाई में हम लोग क्या करें बहुत परेशान हैं विस्थापन के नाम पर हम लोगों को धोखा दिया गया है इन विस्थापित लोगों के द्वारा ज्ञापन के माध्यम से उचित जांच करती हुई कार्रवाई की मांग की गई है यहां पर जाती परिवर्तन करके अपात्र को पात्र बना कर पैकेज मुआवजा पात्र परिवार को 10 लाख रुपए प्रति भुगतान राशि की जगह राशि 7 लाख 58 हजार रुपए प्रति परिवार से भुगतान किया गया है वहीं 2015 में दाखिला में 18 वर्ष उम्र पात्र परिवार 2011-12 में जिसके दस्तावेज आधार कार्ड आईडी मतदाता सूची के नाम राशन कार्ड के नाम दर्ज हैं इस नियम का भी उल्लंघन किया गया है प्रत्येक पात्र परिवार को 2 हेक्टेयर भूमि या 13 लाख रुपए भुगतान प्रत्येक पात्र परिवार को दिया जाना सुनिश्चित करने की मांग सहित शासन द्वारा नौरादेही अभ्यारण से जो भुगतान हमारे खाते में डाली गई थी वह राशि हम लोग आहरण कर घर में रखा था वह भी रेंजर सरला एसडीओ रहली तहसीलदार तेंदूखेड़ा थाना प्रभारी तारा दे नायब तहसीलदार तेंदूखेड़ा द्वारा बलपूर्वक क्षति पहुंचाकर चल अचल संपत्ति जप्त कर सर रेंज में रख ली गई थी हम लोगों को 12:00 बजे दिन में बाहन में बिठाकर कोर्ट में पेश करने की बात करके ले ले जाया गया लेकिन कोर्ट में पेश नहीं किया गया और सरपंच सचिव तिदनी के चमक छोड़ दिया गया हम लोग 7 माह से बेघर हैं रहने खाने की हमारी कोई व्यवस्था नहीं है समय-समय पर शासन प्रशासन को आवेदनों के माध्यम से पूरे मामले की जांच कर कार्रवाई करने की मांग की गई लेकिन अभी तक कोई कार्यवाही नहीं हुई ज्ञापन के माध्यम से ग्रामीणों ने नियमानुसार जांच कर चल अचल संपत्ति प्रदान करने की मांग की है।

अधिकारियों के अतिरिक्त प्रभार की समस्या से जूझ रही नगर परिषद ककरहटी का विकास अवरुद्ध

पन्ना/ककरहटी- ककरहटी नगर परिषद जो पूर्व से ही विकास के रूप में जिले में सबसे पिछडी नगर परिषद है जितना विकास ककरहटी का होना चाहिए उससे आज भी वंचित है जिसका प्रमाण 10 फीट का बस स्टैंड भी नहीं बच्चों को खेलने के लिए 30 फिट का मैदान भी नहीं ऐसी ही नगर की अनेकों समस्याएं हैं जिनसे आम जनों को जूझना पड़ रहा है इसका मुख्य कारण ककरहटी नगर परिषद में पदस्थ अधिकारी अतिरिक्त प्रभार के हैं उपयंत्री पिछले 2 वर्षों से अतिरिक्त प्रभार में हैं जो देवेन्द्र नगर में पदस्थ हैं और ककरहटी का प्रभार लिए हैं अकाउंटेंट अमानगंज में पदस्थ है लेकिन अतिरिक्त प्रभार ककरहटी का लिए हैं सबसे बड़ी समस्या सीएमओ की है एक अधिकारी सीएमओ ओम त्र्यंबकेश्वर मिश्रा के रूप में स्थाई तौर पर मिला था उन्हें भी ककरहटी अमानगंज देवेंद्र नगर तीन नगर परिषद का प्रभार सौंप दिया गया है ऐसी स्थिति में नगर के विकास की स्वच्छता अभियान की एवं शासन द्वारा जन कल्याणकारी योजनाओं से गरीबों को मिलने वाले लाभ की कल्पना कैसे की जा सकती है किसी

आमजन छोटी-छोटी समस्याओं को लेकर परेशान

भी संस्था का प्रशासन तभी संचालित होता है जब उस में पदस्थ सभी जवाबदेय अधिकारी स्थाई रूप से रहें और अपने कर्तव्यों का बखूबी पालन करें तभी उस संस्था का उद्देश्य पूरा होता है आज नगर परिषद ककरहटी नाम मात्र के लिए नगर परिषद रह गई है क्योंकि सभी जवाब देय अधिकारी दो दो तीन तीन जगह का अतिरिक्त प्रभार लिए हैं ऐसी स्थिति में यह जवाबदेय अधिकारी अपने दायित्वों का कैसे निर्वहन कर पाएंगे यह मध्यप्रदेश शासन एवं जिला प्रशासन के लिए अत्यंत गंभीर समस्या है ककरहटी नगर के आमजन मध्यप्रदेश शासन सहित जिला प्रशासन से आशा करते हैं कि अगर ककरहटी को विकास मय करना है जन समस्या से मुक्त करना है तो सभी जवाबदेय अधिकारी सीएमओ उपयंत्री अकाउंटेंट को स्थाई रूप से ककरहटी का ही प्रभार दिया जाए ताकि हमारा नगर विकास मय हो सके

अतिरिक्त प्रभार से जूझती नगर परिषद के संबंध में उपयंत्री अकाउंटेंट को स्थाई तौर पर रखे जाने के संबंध में समाजसेवी कैलाश त्रिपाठी ने नगर की जनता की ओर से मेल के माध्यम से मांग पत्र संयुक्त संचालक नगरीय प्रशासन भोपाल अपर आयुक्त नगरीय प्रशासन को प्रेषित कर मांग की है।

सी एम ओ ओम मिश्रा से जब किसी समस्या के संबंध में बात की जाती है तो कभी उपयंत्री के ना होने तो कभी अकाउंटेंट ना होने के कारण रुक जाती है उन्होंने बताया कि मैंने इस सबंध में मध्यप्रदेश नगरीय प्रशासन को एवं जिला प्रशासन को पत्र प्रेषित किया है लेकिन उनका यह भी कहना है कि मैं स्वयं तीन जगह का प्रभार लिए हूं इसके बाद भी भरतक कोशिश करूंगा की तीनों जगह का विकास संभव हो।

शिवराज के सुशासन पर भ्रष्टाचारियों का ग्रहण,10 साल बाद भी वृद्ध बेवा महिला को नहीं मिल पाया मुआवजा

पन्ना जिले की पवई विधानसभा अंतर्गत बीजाखेड़ा निवासी गौरी बाई पति स्वर्गीय दांदी यादव द्वारा लगभग 10 साल बीत जाने के बावजूद न्याय न मिल पाने का आरोप लगाया गया है] वृध्दा ने बताया कि वर्ष 2012-13 में शाहनगर अंतर्गत हरबंसपुरा डैम के निर्माण के लिए उसकी भूमि डूब क्षेत्र पर आई हुई थी, जिसको लेकर उसे मुआवजा मिलना था लेकिन भ्रष्टाचारियों के ग्रहण के चलते लगभग 10 साल बाद भी उसे पूरा मुआवजा नहीं मिल पाया है, जिसमें इस 10 साल के दरमियान उसके पति की भी मौत हो गई, तो वही वह इस वृद्धावस्था में हाईकोर्ट सहित दफ्तरों के चक्कर काटने को मजबूर है ।

10 साल बाद भी पूरा मुआवजा नही -वृद्धा तथा उसके परिजनों का कहना है कि डूब क्षेत्र से लगी हुई उसकी 1 हेक्टेयर 14 आरे की भूमि का मुआवजा उसे वर्ष 2022 तक नहीं मिल पाया है, जबकि लगभग 1 किलोमीटर दूर स्थित अन्य कृषक की भूमि का पटवारी द्वारा मुआवजा बना दिया गया है, जिसके चलते वह शासकीय दफ्तरों के चक्कर काटते हुए हैरान परेशान है ।

पटवारी को 20 हजार रूपये की रिश्वत कम देना पड़ा भारी-वृद्धा गौरी बाई का कहना है कि उसकी भूमि का मुआवजा बनाए जाने के एवज में तत्कालीन पटवारी द्वारा कथित तौर पर एक लाख रूपये की रिश्वत की मांग की गई थी, जिसमें से 80 हजार की रिश्वत दिए जाने की बात वृद्धा द्वारा बताई गई है, तथा वृद्धा का कहना है कि 20 हजार रूपये कम देने के चलते पटवारी द्वारा उसका मुआवजा नहीं बनाया गया है ।

शिवराज को दी आत्मदाह की चेतवनी-लगभग 10 वर्षों से मुआवजे की मांग करते हुए वृद्धा दफ्तरों के चक्कर काट रही है, जिससे तंग आकर अब उसने पत्र के माध्यम से सीएम शिवराज को आत्मदाह की चेतावनी दे दी है, वृद्धा ने बताया कि उसने पोस्ट ऑफिस रजिस्ट्री के माध्यम से सीएम शिवराज] पुलिस महानिदेशक भोपाल, कलेक्टर पन्ना एवं पुलिस अधीक्षक पन्ना को एक पत्र भिजवाया है, जिसमें उसके द्वारा कहा गया है कि 29 मार्च तक यदि उसे मुआवजा नहीं मिलता है, तो इस सूरत में वह 29 मार्च को मुख्यमंत्री निवास भोपाल में पहुंचकर आत्मदाह करेगी ।

वृध्दा को हाईकोर्ट की लेनी पडी शरण-वृद्धा गौरी बाई ने बताया कि लगभग 10 साल बीत जाने के बावजूद उसे उसकी 1 हेक्टेयर 14 आरे भूमि का मुआवजा नहीं मिल पाया, तथा इस दरमियान मुआवजा तथा न्याय की गुहार लगाते हुए उसका पति भी काल के गाल में समा गया, जिसको लेकर उसने अब न्याय की गुहार लगाते हुए हाईकोर्ट में शरण ली है, तथा वर्तमान में प्रकरण माननीय हाईकोर्ट में विचाराधीन है, लेकिन इस 10 साल के दरमियान वृद्धा के सब्र का बांध फूट गया है, जिसको लेकर उसने आत्मदाह की चेतावनी दी है ।

खनिज मंत्री बृजेंद्र प्रताप सिंह के शासन काल का है डेम-डेम निर्माण के लिए वर्ष 2012 13 मे वृध्दा की भूमि डूब क्षेत्र मे आई थी तथा तत्कालीन विधायक बृजेंद्र प्रताप सिंह थे जो कि वर्तमान मे पन्ना विधायक एवं खनिज साधन एवं श्रम मंत्री है जिन्होने अपने शासन काल मे पवई विधानसभा मे कई निर्माण कराए जिसके लिए वे विकास पुरूष के नाम से ख्याति प्राप्त है लेकिन विकास पुरूष के विकास कार्यो को भी भृष्टाचारीयो ने नही बख्सा ।

कलेक्टर ने स्पोर्ट्स कांपलेक्स का निरीक्षण

रीवा नवप्रदेश । कलेक्टर मनोज पुष्प ने दस करोड़ रुपए की लागत से बनाए जा रहे स्पोर्ट्स काम्पलेक्स का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि स्पोर्ट्स काम्पलेक्स में खिलडियों को सभी सुविधाएं देने की व्यवस्था सुनिश्चित कराई जाए। खिलाडियों को शॉवर, चेंजिंग रूम, सामान रखने के लिए लॉकर सहित अन्य जरूरी सुविधाएं होनी चाहिए। उन्होंने निर्देशित किया कि सभी व्यवस्थाएं सुनिश्चित कराकर इसे अत्याधुनिक स्पोर्ट्स काम्पलेक्स बनाया जाए। स्पोर्ट्स काम्पलेक्स में पॉर्किंग की पर्याप्त व्यवस्था होनी चाहिए। उल्लेखनीय है कि स्पोर्ट्स काम्पलेक्स में इंडोर गेम्स, कुश्ती, जूडो कराटे, ताईक्वांडो, बॉक्सिंग, टेबल टेनिस, बैडमिंटन के साथ आउटडोर गेम में फुटबाल तथा अंतर्राष्ट्रीय मानकों के अनुसार रनिंग ट्रैक का प्रावधान किया गया है। इसके साथ ही यहाँ जिम एवं कान्फ्रेंस हाल की भी व्यवस्था रहेगी। इस स्पोर्ट्स काम्पलेक्स के मई माह के अंत तक पूरा हो जाने की संभावना है। निरीक्षण के

दौरान संभागीय खेल अधिकारी एमके धौलपुरी ने स्पोर्ट्स काम्पलेक्स में प्रावधानित व्यवस्थाओं आदि के बारे में जानकारी दी। इस दौरान कार्यपालन यंत्री आरएम सिंह, सहायक यंत्री संजीव कालरा, उपयंत्री दिलीप पुरी उपस्थित रहे।

कलेक्टर ने ईको पार्क का किया निरीक्षण- कलेक्टर मनोज पुष्प ने बीहर नदी के किनारे निर्माणाधीन ईको पार्क कैफेट एरिया का निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि सुरक्षा व्यवस्थाओं को ध्यान में रखते हुए पर्यटकों के लिए आकर्षक कैफेट एरिया का निर्माण किया जाए ताकि पर्यटक नदी के नैसर्गिक सौंदर्य के साथ यहाँ आकर सुकून के दो पल बिता सकें। भ्रमण के दौरान प्रबंधक अनुज सिंह ने सस्पेंशन ब्रिाज सहित अन्य कराए जा रहे कार्यों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। इस दौरान आयुक्त नगर निगम मृणाल मीणा, कार्यपालन यंत्री अनुज प्रताप सिंह, सहायक यंत्री हिमांशु वर्मा, प्रबंधक विजय तिवारी उपस्थित रहे।

पटवारी के घर से हुई चोरी का खुलासा, आरोपियों द्वारा सूने मकानों को बनाया था निशाना

- बालाघाट से कार से आकर दिया गया था घटना को अंजाम
- तीसरी आंख से पुलिस को मिला अहम सुराग

राजनांदगांव/नवप्रदेश। 28 फरवरी 22 व 1 मार्च 22 के मध्य रात्रि राजनांदगांव के पंचशील नगर ममता नगर में पटवारी शकुनतला वर्मा पति स्व. दीपक वर्मा उम्र 53 साल निवासी गली नंबर 5 पंचशील नगर ने दिंनाक 1 मार्च 22 को थाना कोतवाली में आकर रिपोर्ट दर्ज करायी कि कोई अज्ञात व्यक्ति द्वारा घर के दरवाजे का ताला तोड़कर घर में प्रवेश कर आलमारी में रखे सोने-चांदी के जेवरात, डीवीआर व सेटअप बाक्स को चोरी कर ले गया की रिपोर्ट पर थाना कोतवाली में अपराध क्रमांक 150/2022 धारा 457, 380 भादंवि कायम कर विवेचना में लिया। चोरी की घटना के बाद आरोपी फरार हो गये थे। घटना की गंभीरता को देखते हुये पुलिस अधीक्षक संतोष सिंह, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संजय महादेव के द्वारा एक विशेष टीम गठित की गई जिसमें थाना कोतवाली, थाना बसंतपुर, चौकी

चिखली एवं सायबर सेल से अधिकारी व कर्मचारियों को शामिल किया गया। पुलिस अधीक्षक राजनादगांव संतोष सिंह, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संजय महादेव मार्गदर्शन मे तथा नगर पुलिस अधीक्षक गौरव राय के नेतृत्व में लगातार 14 दिनों तक आरोपियों का पता-तलाशी में पुलिस जुटी रही। शहर में लगे तीसरी ऑख को देखते हुये पुलिस बालाघाट तक पहुंची तथा तीसरी ऑख को खंगालते हुये चोरी में उपयोग किये गये कार का पीछा किये जो बालाघाट में मिली जहां पूर्व के अपराधिक रिकार्ड वाले व्यक्ति जिनका हुलिया फुटेज में आये आरोपियों से मिलान करते हुये तश्दीक करने लगे जरिये मुखबिर से सूचना मिली कि उक्त घटना में फुटेज में आये व्यक्ति विकास सोनी जैसा दिख रहा हैं। सूचना पर विकास सोनी की पतासाजी कर उक्त संदेही से पूछताछ करने पर विकास सोनी ने अपने तीन दोस्तों के साथ स्वीफ्ट डिजायर कार में राजनांदगांव के रिहायसी इलाके रेल्वे पटरी के किनारे के एक घर में चोरी करना स्वीकार किये, जिन्होंने अपना नाम विकास सोनी उर्फ लुल्ला पिता लखन सोनी उम्र 30 साल साकिन बालाघाट वार्ड नंबर 2 भटेरा थाना कोतवाली, इस्माईल खान पिता इजराईल खान उम्र 22 साल साकिन वेन गंगा के किनारे वार्ड नंबर 13 बालाघाट, साजिद खान पिता हाफिज खान उम्र 30 साल साकिन वार्ड नंबर 13 बुढी बालाघाट उत्सव मेडिकल के बाजू में, अनुराग मिश्रा पिता दयाल मिश्रा उम्र 22 साल सा. सागौन वार्ड नंबर 13 दुर्गा माता मंदिर के पास बालाघाट चारों आरोपियों से लगभग 39 तोला सोना व 716 ग्राम चांदी तथा पूर्व में चोरी किये जेवर व चोरी में प्रयुक्त कार स्वीफ्ट डिजायर कीमती लगभग पच्चीस लाख रूपये का सामान बरामद किया गया। आरोपी विकास सोनी उर्फ लुल्ला पिता लखन सोनी उम्र 30 साल साकिन बालाघाट वार्ड नंबर 2 भटेरा थाना कोतवाली द्वारा पूर्व में भी रायपुर, दुर्ग, भंडारा, गोंदिया, बालाघाट मे लगभग दो दर्जन चोरी की घटनाओं को अंजाम दे चुका हैं। इस प्रकरण को सुलझाने में थाना कोतवाली, थाना बंसतपुर, चौकी चिखली एवं सायबर सेल टीम की भूमिका सराहनीय रही।

प्लेसमेंट कैम्प का आयोजन आज

भाटापारा/नवप्रदेश। जिले के शिक्षित युवाओं को निजी क्षेत्र में रोजगार का अवसर प्रदान करने हेतु कार्यालय परिसर बलौदाबाजार में 16 मार्च को प्लेसमेंट कैम्प का आयोजन किया जा रहा है। इस प्लेसमेन्ट कैम्प में नियोजक मारूती सुजकी इंडिया लिमिडेट हरियाणा द्वारा स्टुडेंट ट्रेनी के 100 पदों पर भर्ती लिया जायेगा।योग्यता 10वीं, 12वीं उत्तीर्ण हो 10वीं में 50प्रतिशत के साथ उत्तीर्ण होना अनिवार्य है। उम्र 18 से 20 वर्ष हो, चयनित आवेदकों का हरियाणा में दो साल का ट्रेनिग दिया जायेगा जिसमें कम्पनी द्वारा रहने की व्यवस्था प्रदान कि जायेगी। कार्य क्षेत्र गुडग्राम (हरियाणा) होगा। वेतन 13 हजार 500 रूपए दिया जायेगा। उसी तरह इक्यूटास स्माल फाईनेस बैंक बलौदाबाजार द्वारा कोडिनेटर के एक पद पर भर्ती लिया जायेगा जिसमें बीएससी/एमएससी उत्तीर्ण आवेदक आवेदन कर सकते है(केवल पुरूष) अग्रेजी भाषा का सामान्य ज्ञान हो उम्र 20 से 25 वर्ष वेतन 12 हजार से 15 हजार रूपए तक देय होगा। कार्यक्षेत्र बलौदाबाजार होगा। प्लेसमेन्ट कैम्प सुबह 11:00 से 3:00 बजे तक रोजगार कार्यालय परिसर बलौदाबाजार में आयोजित किया जायेगा। इच्छुक आवेदक अनिवार्य रूप से समस्त प्रमाण, पत्र आधार कार्ड, दो पासपोर्ट साइज फोटो सहित कोविड-19 को ध्यान में रखते हुए उपस्थित हो सकते है। अधिक जानकारी हेतु जिला रोजगार कार्यालय से या दूरभाष न. 07727-222143 से सम्पर्क कर सकते है।

दुर्ग-पटना होली फेस्टिवल एक्सप्रेस चलेगी आज

भाटापारा/नवप्रदेश। होली के त्यौहार को देखते हुए रेल प्रशासन द्वारा दुर्ग- पटना- दुर्ग के बीच 08793/ 08794 दुर्ग- पटना -दुर्ग होली फेस्टिवल एक्सप्रेस 1 फेरे के लिए चलाई जा रही है । यह गाड़ी 08793 दुर्ग से दिनांक 16 मार्च 2022 बुधवार को

15.00 बजे रवाना होगी एवं 17 मार्च,2022 गुरुवार को 10:30 बजे पटना पहुंचेगी। यह गाड़ी रायपुर से 15:40 बजे, भाटापारा से 16.31 बिलासपुर से 17:35 बजे पटना के लिए रवाना होगी। वही वापसी में गाड़ी संख्या 08794 पटना- दुर्ग होली एक्सप्रेस पटना से शनिवार दिनांक 19 मार्च 2022 को 20:30 बजे रवाना होकर अगले दिन 20 मार्च रविवार को 16.30 बजे बिलासपुर, 17.23 बजे भाटापारा, 18.10 बजे रायपुर, 19:10 बजे दुर्ग पहुंचेगी। यह गाड़ी दुर्ग, रायपुर, भाटापारा, बिलासपुर, चांपा, रायगढ़ झारसुगुड़ा, राउरकेला, हटिया, रांची, मुरी, बोकारो सिटी, चंद्रपुरा, गोमोह, कोडरमा,गया जहानाबाद, होते हुए पटना पहुंचेगी। इस गाड़ी में 02 एसएलआर कोच, 20 स्लीपर कोच, सहित कुल 22 कोच रहेंगे।

बकाया वेतन की मांग को लेकर सफाई कर्मचारियों ने बोला निगम में धावा

- नियमित सफाई कर्मियों को एक माह का वेतन और ठेका पद्धति में कार्य करने वाले सफाई कर्मियों को दो महीने का वेतन होगा जारी

लंबित वेतन को भी 2-3 दिनों में जारी कर देने का महापौर और आयुक्त ने दिया आश्वासन

राजनांदगांव/नवप्रदेश। महीनों से अटके पड़े वेतन को जारी करने की मांग को लेकर अड़े सैकड़ों सफाई कर्मचारी नगर निगम कार्यालय के सामने आज सुबह से ही धरने पर बैठ गए। अंततः महापौर हेमा देशमुख और आयुक्त डॉ. आशुतोष चतुर्वेदी के द्वारा वेतन जारी करने के आश्वासन के बाद सफाई कर्मचारियों का आक्रोश शांत हुआ।

उक्ताशय की जानकारी देते हुए नगर निगम सफाई कर्मचारी संघ के अध्यक्ष संजय नायक (गोलू) के नेतृत्व में आज तड़के सुबह ही नगर निगम कार्यालय के सामने काम बंद

कर सैकड़ों सफाई कर्मचारियों ने धावा बोलते हुए लंबित वेतन को जारी करने और वेतन विषंगतियों के विरोध में जमकर नारेबाजी की गई। ज्ञातव्य हो कि नगर निगम के सफाई कर्मचारियों का विगत दो माह से वेतन अटका हुआ था। जिसको लेकर अपना असंतोष जाहिर करते हुए सफाई कर्मचारियों ने हल्ला बोलते हुए जमकर अपनी नाराजगी प्रकट की। आखिरकार महापौर श्रीमती हेमा देशमुख, निगम आयुक्त डॉ. आशुतोष चतुर्वेदी असंतुष्ट प्रदर्शनकारियों के पास पहुँचे और कर्मचारियों की उक्त मांग को पूरा करने का आश्वासन दिया। नियमित सफाई कर्मियों को एक माह का वेतन और ठेका पद्धति में कार्य करने वाले सफाई कर्मियों को दो महीने का वेतन जारी करने की बात कही, वहीं महीनों से लंबित पड़े वेतन को भी 2-3 दिनों में जारी कर देने का आश्वासन आयुक्त ने दिया है।

अंतर्राज्यीय शराब तस्करों पर पुलिस की लगातार कार्यवाही

राजनांदगांव/नवप्रदेश। पुलिस अधीक्षक संतोष सिंह के आदेशानुसार जिले में अवैध शराब की बिक्री एवं परिवहन पर अंकुश लगाये जाने हेतु लगातार अभियान चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में 13 मार्च 2022 को जरिये मुखबीर से जानकारी मिली कि रात्रि में एक चार पहिया वाहन टाटा सफारी सीजी 07-एवाय 8621 में मध्यप्रदेश से प्लांदुर की रास्ते अवैध शराब का परिवहन किया जाना है। सूचना पर तत्काल त्वरित रूप से कार्यवाही करते हुए अति. पुलिस अधीक्षक डोंगरगढ़ जयप्रकाश बढ़ई, पुलिस अनुविभागीय अधिकारी डोंगरगढ़ कृष्ण कुमार पटेल, उप पुलिस अधीक्षक नासिर बाठी व निरीक्षक शिव चंद्रा के मार्गदर्शन में चौकी प्रभारी मोहारा निरीक्षक दिनेश कुमार यादव व स्टाफ द्वारा ग्राम पलांदुर चौक में 13 एवं 14 मार्च की दरम्यानी रात को चेकिंग अभियान चलाया जा रहा था कि तभी डोंगरगढ़ की ओर से एक टाटा सफारी आ रहा था, जिसे पूछताछ करने रोका गया जो गाड़ी

नहीं रोककर और तेज भागने लगा। पुलिस पार्टी भी पीछा करने लगी, थोड़ी दूर में शराब से भरी गाड़ी गड्ढे में जा गिरी फिर वाहन की तलाशी ली गई तो वाहन में 20 पेटी शराब रखा हुआ था, जिस के संबंध में वाहन चालक द्वारिका उर्फ राजू वर्मा पिता पलटन उम्र 31 वर्ष साकिन कोलेन्द्रा थाना डोंगरगढ़ जिला राजनांदगांव को धारा 91 का नोटिस देकर अवैध शराब रखने और परिवहन करने के संबंध में पूछताछ किया गया तो आरोपी के पास शराब रखने और परिवहन करने के संबंध में कोई वैध दस्तावेज नहीं होना पाया गया, जो मौके पर ही समक्ष गवाहनों के अवैध शराब और वाहन को जप्त किया गया। शराब से भरे वाहन में अन्य दो आरोपी धनंजय वर्मा उर्फ सूर्या पिता मोहन उम्र 21 वर्ष, निवासी राहुद चौकी जालबंधा थाना खैरागढ़ व निलेन्द्र उर्फ साहिल वर्मा पिता बुधारू राम उम्र 28 साल निवासी अमलीडीह थाना छुईखदान भी मिले, जिन्हें पूछताछ करने पर बताए कि वे भी राजू के साथ मध्यप्रदेश निर्मित शराब को छत्तीसगढ़ में बेचने के लिए ला रहे थे। 20 पेटी जिसमें प्रत्येक में 50-50 पौवा शराब कुल 1000 पव्वा प्रत्येक में 180 एमएल बल्क लीटर 180 लीटर मध्य प्रदेश निर्मित शराब कीमती 120000 रूपये व गाड़ी कीमती 300000 रूपये कुल जुमला रकम 420000 रूपये जप्ती किया गया। पूछताछ पर आरोपियों ने बताया कि वे लोग मध्यप्रदेश से शराब लाकर छत्तीसगढ़ में बेचते है। लिहाजा तीनो आरोपियो के विरुद्ध चौकी मोहारा में अपराध क्रमांक 188/22 धारा 34 (2) आबकारी अधिनियम कायम कर आरोपियों को न्यायिक रिमांड पर लिया जाकर जेल भेजा गया। इसी प्रकार चौकी मोहारा क्षेत्र में शराब बेचने की शिकायत प्राप्त होने पर एवम शराब रेड कार्यवाही के दौरान बहसबाजी करने व लड़ने पर उतारू होने पर आदतन शराब कोचिया नारायण विश्वकर्मा और ढालू विश्वकर्मा निवासी मोहारा को धारा 151 जा फौ0 की कार्यवाही की गई।

उक्त कार्यवाही में चौकी मोहारा के सउनि शरद, प्रधान आरक्षक चंद्रभूषण सिन्हा, सियाराम धुर्वे, महेंद्र साहू, आरक्षक परवेस वर्मा, गौरव शेंडे, चितेश गात्रे, परमानंद बोगा, शिवलाल वर्मा, लक्ष्मीशंकर कंवर, शाहिद अंसारी, सैनिक योगेश पटेल का सराहनीय योगदान रहा।

सीएम ने किया आईटी अफसर वर्मा का सम्मान

खरोरा/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ मनवा कुर्मी क्षत्रिय समाज तिल्दा राज द्वारा ग्राम छतौद में आयोजित वार्षिक राज अधिवेशन में प्रदेश के मुखिया व समाज के संरक्षक भूपेश बघेल मुख्य अतिथि थे ,समाज के केंद्रीय अध्यक्ष चोवा राम वर्मा की अध्यक्षता व राजप्रधान ठाकुर राम वर्मा के कुशल नेतृत्व में आयोजित समारोह में विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए समाज को गौरवान्वित करने वाली 19 सामाजिक प्रतिभाओं को

विशिष्ट प्रतिभा सम्मान से नवाजा गया। इसी तारतम्य में विभाग में स्टेनो के पद से विभागीय प्रतियोगी परीक्षाओं में विलक्षण प्रतिभा का प्रदर्शन करती हुई आयकर अधिकारी के पद पर सफल एवं निर्बाध सेवाओं के लिए आयकर अधिकारी श्रीमती शोभा वर्मा को मुख्यमंत्री ने सम्मानित कर उनके उज्ज्वल भविष्य व स्वस्थ, सुखी, समृद्ध जीवन की कामना की। श्रीमती शोभा वर्मा लोकनिर्माण विभाग से सेवानिवृत्त अधीक्षक राजेन्द्र कुमार वर्मा की धर्मपत्नी, मैनेजमेंट कोच सौरभ वर्मा, गौरव वर्मा की माँ हैं।

प्राप्त सम्मान के लिए मंच संचालक राजमंत्री दौलत धुरंधर, राजप्रधानद्वय डॉ कृष्णकुमार वर्मा, प्राणनाथ वर्मा, छात्रावास अध्यक्ष अनिल वर्मा, सचिव शिवकुमार वर्मा, कोषाध्यक्ष डॉ ओ पी वर्मा, संरक्षक मंडल के महेश नायक, तरुणा वर्मा, प्रियंका, भूपेश, पूरब, खुशबू, शिवाय सहित समस्त प्रबुद्ध स्वजातियों एवं परिजनों ने बधाई दी है। इस अवसर पर शोभा वर्मा ने समाज के विकास में अधिकाधिक योगदान देने आश्वस्त किया।

स्कोडा ऑटो ने नई स्ला विया के लिए कम सर्विस लागत की घोषणा की

नई दिल्ली। स्कोडा ऑटो इंडिया ने नई स्को डा स्लाविया सेडान के लिए सर्विस लागत की घोषणा की है। इसकी शुरुआत ? 0.46 प्रति किलोमीटर से हो रही है। इस लागत की गणना 5 साल/75,000किलोमीटर, जो भी पहले हो, की अवधि के लिए की गई

है। स्ला विया सेडान में स्टैरण्डेर्ड तौर पर 4-साल/100,000 किलोमीटर, जो भी पहले हो, की वारंटी की पेशकश की गई है। इसमें वारंटी को 150,000 किलोमीटर के साथ 5 या 6-साल (जो भी पहले हो) के लिए बढ़ाने का विकल्पै भी है। वारंटी के अलावा, ग्राहक 24,499 रुपये से शुरू हो रहे स्को डा सुपरकेयर प्रि-पेड पैकेज के तहत संपूर्ण लागत को और कम कर सकते हैं। इन मेंटेनेंस पैकेज को स्टै ण्डकर्ड, एन्हैंकस्ड् एवं कॉम्प्रीसहेंसिव के तहत वर्गीकृत किया गया है जिसमें पहले से परिभाषित रखरखाव एवं लागतों के अंतर्गत विभिन्ने सीमित एवं विस्ताारित वियर एंड टियर आइटम शामिल हैं। इससे ग्राहकों को कीमत की गारंटी मिलती है और महंगाई एवं कीमतों में उतार-चढ़ाव से सुरक्षा भी मिलती है। स्कोकडा सुपरकेयर एवं एक्सएटेंडेड वारंटीज को इस तरह से डिजाइन किया गया है कि ग्राहक के लिए स्ला विया रखना बिल्कुएल परेशानीरहित हो जाता है। साथ ही सेडान की रिसाड्युअल कॉस्टल भी बढ़ जाती है क्योंकि ये फायदे अगले मालिक को भी मिलते हैं।

टोयोटा किर्लोस्कर मोटर ने अपनी बहुप्रतीक्षित हैचबैक - 'कूल न्यू टोयोटा ग्लैंजा' लांच की

बेंगलुरु। टोयोटा किर्लोस्कर मोटर (टीकेएम) ने आज हैच बैक सेगमेंट में अपनी सबसे रोमांचक और बहुप्रतीक्षित पेशकश ढ्ढ द कूल न्यू ग्लैंजा को लांच करने की घोषणा की। भारत में टोयोटा की सबसे किफायती पेशकश, कूल न्यू टोयोटा ग्लैंजा

अतिरिक्त किफायती वेरिएंट के साथ ग्राहकों को लुभाने के लिए पूरी तरह तैयार है। उन्नत सुविधाएँ, गतिशील रूप, स्पोर्टी डिज़ाइन और रख-रखाव की कम लागत, इसे अपने सेगमेंट में आदर्श मूल्य देने वाली पेशकश बनाती है। बहु प्रतीक्षित हैचबैक को आज एक वर्चुअल इवेंट में लांच किया गया। इसमें टोयोटा किर्लोस्कर मोटर (टीकेएम) के एक्जीक्यूटिव वाइस प्रेसिडेंट, बिक्री और ग्राहक सेवा ढ्ढ श्री तदाशी असज़ुमा और श्री अतुल सूद, एसोसिएट वाइस प्रेसिडेंट, बिक्री और रणनीतिक विपणन, टीकेएम शामिल थे। यह उन्नत टेक्नालॉजी और टोयोटा के खास सामने वाले हिस्से (सिग्नेचर फ्रंट फेसिया) का एक अच्छा एकीकरण है जिसे टोयोटा के इंजीनियर्स ने खास तौर से डिज़ाइन किया है। कूल न्यू ग्लैंज़ा एक उन्नत कनेक्टेड सुविधा का दावा करता है, टोयोटा आई – कनेक्ट – यह वन स्टॉप समाधान के साथ एक ऐप्प है जो कनेक्टे डसुविधाओं , सेवाओं और मूल्य वर्धित सेवाओं को आधुनिक और तकनीक-प्रेमी ग्राहकों के लिए आकर्षक और प्रभावशाली बनाने के लिए विकसित किया गया है। समकालीन ग्राहकों के लिए सुविधा सुनिश्चित करते हुए इसमें, हेड - अपडिस्प्ले, 360- डिग्री कैमरा और 9- ईंच स्मार्ट प्लेकास्ट जैसी प्रौद्योगिकियां हैं जो न केवल स्मार्टफोन (ऐप्पल और एंड्रॉइड) के माध्यम से नियंत्रण की संभव करेंगी बल्कि यह भी सुनिश्चित करेगी कि उपयोग कर्ता हमेशा नियंत्रण में और चलते-फिरते जुड़ार हे। हुड के अंदर, कूल न्यू ग्लैंजा में एक शक्ति शाली लेकिन ईंधन- कुशल 'के-सी री ज़ इंजन' है और यह मैनु अलट्रांस मिशन (एमटी) के साथ- साथ स्वचालित ट्रांस मिशन (ऑटोमेटिक याएएमटी) के साथ आता है।

आम रास्तों एवं सार्वजनिक स्थानों पर शराब पीने वाले 20 लोगों के खिलाफ की गयी कार्यवाही

राजनांदगांव/नवप्रदेश। पुलिस अधीक्षक संतोष सिंह द्वारा अपराध की रोकथाम एवं आदतन अपराधियों व अपराध पर अंकुश लगाने दिये गये निर्देशन एवं अति. पुलिस अधीक्षक संजय महादेवा के दिये दिशा निर्देश एवं सीएसपी गौरव राय व निरीक्षक अलेक्जेंडर किरो थाना प्रभारी कोतवाली के मार्गदर्शन में अपराध की रोकथाम एवं आदतन अपराधियों व अपराध पर अंकुश लगाने चलाये जा रहे अभियान के तहत चौकी प्रभारी चिखली शक्ति सिंह के नेतृत्व में टीम गठित कर चौकी चिखली क्षेत्रांगर्तत सार्वजनिक स्थान पर शराब पीकर वाद-विवाद की स्थिति पैदा करने वालों 16 आरोपीगण सुरेश यादव पिता स्व. मोहन यादव उम्र 26 साल, भूपेन्द्र रजक पिता गणेश रजक उम्र 35 साल, गिरधारी सिन्हा पिता गणपत सिन्हा उम्र 32 साल, लखनलाल ठाकुर पिता झाडू राम उम्र 41 साल

निवासी ग्राम मनकी, मोहारा राजनांदगांव, राम लखन खरे पिता बिसौहा खरे उम्र 40 साल निवासी ग्राम छछानपहरी राजनांदगांव, बिहारी सिन्हा पिता अनुजराम सिन्हा उम्र 40 साल निवासी ग्राम बोरी पुलिस चौकी चिखली, लुकाराम निर्मलकर पिता गोवर्धन निर्मलकर उम्र 42 साल निवासी ग्राम गठूला पुलिस चौकी चिखली, राम देवांगन पिता चंद्रेश उम्र 23 साल, लोकश सेन पिता स्व. खेमचंद सेन उम्र 26 साल, मनोज सिन्हा पिता अर्जुन सिन्हा उम्र 31 साल सभीं निवासी शंकरपुर, संदीप कुमार पिता सुनील ऋषि उम्र 28 साल निवासी शांतिनगर, परमा तिवारी पिता स्व. शिवप्रसाद तिवारी उम्र 26 साल, विशाल यादव पिता भागवत यादव उम्र 21 साल दोनों निवासी शिवनगर ढाबा रोड, मुरली लाल दहवेले पिता स्व. हेमु दहवेले उम्र 32 साल निवासी गौरीनगर को आम रोड, सार्वजनिक जगहों पर शराब पीते पकड़ा गया। आरोपीगण के विरूद्ध धारा 36 (च) आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही किया गया। उपरोक्त कार्यवाही में चौकी प्रभारी शक्ति सिंह एवं समस्त स्टाफ पुलिस चौकी चिखली का सराहनीय योगदान रहा है।

प्रदेश मनरेगा कर्मियों ने निकाली वादा निभाओ रैली

खरोरा/नवप्रदेश। छग मनरेगा कर्मचारी महासंघ के तत्वावधान मे 14 मार्च सोमवार को वादा निभाओ रैली निकाली। यह रैली प्रदेश के सभी जिला मे आयोजित था तथा रायपुर जिला के अंतर्गत तिल्दा,धरसींवा,आरंग व अभनपुर के मनरेगा कर्मियों द्वारा रैली निकाली गई। रैली दिवस को प्रदेश मे मनरेगा कार्य व कार्यालयीन कार्य पूरी तरह से बंद किया गया था। यह कि प्रदेश के समस्त मनरेगा अधिकारी,कर्मचारी महासंघ ने काम बंद करके बूढ़ा तालाब रायपुर धरना स्थल मे एक दिवसीय धरना,प्रदर्शन ,रैली निकाली। ज्ञापन मे वर्तमान सरकार द्वारा अपने चुनावी जन-घोषणा पत्र मे प्रदेश के समस्त संविदा व अनियमित कर्मचारी को नियमित करने का घोषणा किया था जो नही हुए ,वर्तमान सरकार के घोषणा पूर्ण करने हेतु एक दिवसीय धरना,प्रदर्शन व रैली कर ज्ञापन सौंपा गया।

ज्ञापन रायपुर जिला कलेक्टर द्वारा अधिकृत राजस्व अफसर द्वारा प्राप्त किया। ज्ञापन मे समस्त मनरेगा कर्मचारियों की नियमितिकरण किया जाये,तथा नियमितिकरण की प्रक्रिया पूर्ण होने तक ग्राम रोजगार सहायकों का वेतनमान निर्धारण कर समस्त मनरेगा कर्मियों पर सिविल सेवा नियम 1966 के साथ पंचायत कर्मी नियमावली लागू किया जाये। इसके अलावा विगत चार माह से मनरेगा कर्मियों का मानदेय भुगतान नही हुआ है एवं विगत तीन वर्षो से मानदेय मे वृद्धि लंबित है जिसे तत्काल पूर्ण किया जाये। उक्त मॉगों पर प्रदेश सरकार द्वारा अप्रेल माह के पहले पूर्ण नही होता है तो अप्रेल माह के प्रथम सप्ताह से ही प्रदेश के समस्त मनरेगा कर्मियों द्वारा उग्र ऑदोलन कर काम बंद कलम बंद कर अनिश्चित कालीन हड़ताल करने का निर्णय लिया गया है जिसका जवाबदेही प्रदेश सरकार की होगी। वर्तमान प्रदेश सरकार द्वारा बजट सत्र मे मनरेगा कर्मियों के लिये सकारात्मक निर्णय लेने का आश्वासन दिया था। परंतु बजट सत्र मे मनरेगा कर्मियों के लिये यह बजट शून्य रहा जिसे देखकर प्रदेश के समस्त मनरेगा कर्मियों मे नाराजगी की लहर ब्याप्त है।

विधायक ने सिंगारडीह को दी उप स्वास्थ्य केंद्र भवन सहित नवीन खाद गोदाम की सौगात

- सड़क सहित ज्योति कक्ष निर्माण हेतु मिली 22 लाख रुपए की नई स्वीकृति

बेमेतरा/नवप्रदेश। बेमेतरा विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत ब्लाक बेरला के ग्राम सिंगारडीह में आयोजित विभिन्न विकास कार्यो के लोकार्पण समारोह में मुख्य अतिथि बेमेतरा विधायक आशीष छाबड़ा शामिल हुए। ग्रामवासियों सहित किसान साथियों ने विधायक का भव्य स्वागत किए। सर्वप्रथम विधायक आशीष छाबड़ा ने उप स्वास्थ्य केंद्र भवन सहित नवीन खाद गोदाम का फीता काट लोकार्पण कर ग्रामवासियों एवं किसान साथियों को सौंपा। इस अवसर पर विधायक आशीष छाबड़ा ने कहा कि आज सिंगारडीह में आयोजित विभिन्न विकास कार्यो के लोकार्पण समारोह का आयोजन रखा गया है, सिंगारडीह के लिए आज ऐतिहासिक स्वर्णिम दिन है, विकास की गति में आज एक कदम और आगे बड़ा है, गांव में ही उप स्वास्थ्य केंद्र भवन के बन जाने से अब ग्रामीणों को प्राथमिक उपचार व टीकाकरण के लिए

अन्य जगह के अस्पतालों में जाने की जरूरत नहीं पड़ेगा, अब ग्रामीणों को आपके द्वार पर ही प्राथमिक स्वास्थ्य सेवाएं मुहैया होगी, चिकित्सकीय व्यवस्था को बेहतर होगा, गांव के साथ ही साथ आस पास के ग्रामों को भी बेहतर उपचार सुविधा मिल सकेगी। इसी तरह खाद गोदाम से किसान साथियों को इसका सीधा लाभ मिलेगा, आस पास के किसानो को खाद- बीज की खरीदी में आसानी होगी तथा खेती को सुचारू रूप से चलाने में गति मिलेगा।

साथ ही सरपंच दिगम्बर परगनीया एवं ग्रामवासियों के मांग अनुरूप विधायक के द्वारा सुगम सड़क योजना अंतर्गत 20 लाख रुपए सहित शीतला माता के समीप ज्योति कक्ष निर्माण हेतु 2 लाख रुपए की घोषणा की गई। इस अवसर पर श्रीमती हीरादेवी वर्मा अध्यक्ष जनपद पंचायत बेरला, रामेश्वर देवांगन अध्यक्ष ब्लाक कांग्रेस कमेटी बेरला, श्रीमती भुनेश्वरी पोषण वर्मा सभापति जिला पंचायत बेमेतरा, कमल साहू सभापति जनपद पंचायत बेरला, रासबिहारी कुर्रे अध्यक्ष नगर पंचायत बेरला, भारतभूषण साहू उपाध्यक्ष नपं बेरला, श्रीमती हर्शलता वर्मा सदस्य जनपद पंचायत बेरला, आशीष परगनीया, रामखीलावन परगनिया, चंद्रविजय धीवर, नेहा सुराना, कुशाल नायक, टिकेंद्र परगनिया, सत्यभामा परगनिया, अनिल वर्मा, खेमलाल वर्मा, रामस्वरूप नायक, सूर्यकांत परगनिया, चोवाराम साहू, पुनितराम वर्मा, गजाधर, नारायण पाल, बिरेंद्र, यशवंत निषाद, अल्खराम पाटिल, राजकुमार सेन, गुड्डू सेन, गोविंदा राजपुत, जीतेंद्र जोशी, मोनल सिन्हा सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित रहें।

आगे बढ़ाकर किये गये कब्जों को देखते अधिकारी

सिविक सेंटर के अवैध अतिक्रमण पर गढ़ी अधिकारियों की नजरें

जबलपुर /नव प्रदेश

आज सुबह सिविक सेंटर में स्मार्ट सिटी से द्वारा किये जा रहे उद्यान के सौन्दर्यीकरण के कार्य का निरीक्षण करने पहुँचे कलेक्टर डॉ. इलैयाराजा टी नगर निगम आशीष वशिष्ट ने क्षेत्र की साफ सफाई व्यवस्था का जायजा भी लिया। इस दौरान उन्होंने सिविक सेंटर के चारों ओर का भ्रमण कर छोटे-बड़े सभी व्यापारियों को समझाइश दी कि अपना व्यवसाय दुकान एवं गुमटी के लिये आबंटित स्थान के भीतर से ही करें। कलेक्टर डॉ. इलैयाराजा ने इन व्यापारियों को नाले पर किये गये कब्जों को शीघ्र

हटाने के निर्देश भी दिये। नगर निगम कमिश्नर आशीष वशिष्ठ, जबलपुर विकास प्राधिकरण के सीईओ प्रशांत श्रीवास्तव एवं कार्यपालन यंत्री शिवेंद्र सिंह के साथ अन्य अधिकारी भी इस मौके पर मौजूद थे। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर इलैयाराजा टी और नगर निगम कमिशनर श्री वशिष्ठ ने नालियों की सफाई और गार्डन के चारों ओर लगी दुकानों का निरीक्षण किया। इस दौरान यहां कुछ खामियां भी पाई गई जिसको लेकर दुकान संचालकों को दूर करने के निर्देश दिये।

सड़क तक पहुँची दुकान देख भड़के कलेक्टर

शहर के भीड़भाड़ बाजारों में शुमार सिविक सेंटर का जब कलेक्टर और कमिशनर निरीक्षण करने पहुँचे तो उन्होंने गार्डन के किनारे लगी कपड़ों की दुकान देखकर हैरत में रह गए। दुकान संचालकों ने सड़क तक अपनी अपनी दुकानें बढ़ा ली थी। वहीं सभी दुकान संचालकों के पास अलग अलग कारण भी था। जिसको सुनकर कलेक्टर भड़क गए और दुकान संचालकों की क्लास लगा दी। इसके साथ ही दुकान संचालकों को शाम तक का समय दिया गया।

दुकान संचालकों ने नालियों में किया कब्जा

कपड़े की दुकान लगाने वाले संचालकों ने नालियों में चीप या लोहे की जॉली बिछाकर यहां भी कब्जा कर लिया था। उपस्थित कर्मचारियों की मदद से जब चीफ और जॉलियाँ हटाई गई तो नालियों में गंदगी पाई गई। कलेक्टर ने अधिकारियों को नालियों के सफाई का आदेश देते हुए सभी दुकान संचालकों को सीमित जगह तक ही दुकान लगाने के निर्देश दिये।

बिना शिनाख्त के दफनाए गए शव को वापस निकाला

जबलपुर /नव प्रदेश

गौर के सालीबाड़ा से गायब हुई युवती का आज शव मिला है। युवती का शव पानी में बहता हुआ ग्वारीघाट के नावघाट पहुँचा था। जहां युवती की शिनाख्त न होने पर नाविकों ने उसके शव को दफना दिया गया था। पिछले एक सप्ताह से युवती के परिजन और पुलिस कर्मी उसकी तलाश कर रहे थे। आज जैसे ही युवती के पिता को इसकी जानकारी मिली तो उसने ग्वारीघाट पहुँचकर नाविकों से पूछताछ की जिसके बाद युवती के शव को बाहर निकाला गया।

पुलिस ने बताया कि सालीवाड़ा गौर निवासी 20 वर्षीय पूजा बर्मन 8 मार्च को लापता हो गई थी। परिवार वालों ने गौर चौकी में शिकायत दर्ज कराई थी कि उनकी बेटी बिना बताए कहीं चली गई है। गौर चौकी पुलिस युवती को तलाश कर ही रही थी कि ग्वारीघाट में एक युवती के दफनाने की जानकारी पिता को मिली। जिसके बाद पुलिस कर्मियों को लेकर वह ग्वारीघाट पहुँचा। यहां नाविकों ने बताया कि ग्वारीघाट पुलिस की मदद से शव को दफनाया गया था।

एक सप्ताह पहले सालीवाड़ा से लापता हुई थी 20 वर्षीय युवती

ग्वारीघाट पुलिस की लापरवाही

इस मामले में ग्वारीघाट पुलिस की लापरवाही भी सामने आ रही है। पानी में बहकर ग्वारीघाट पहुँचे शव की शिनाख्ती के प्रयास भी नहीं किये गए और जल्दबाजी में शव को दफना दिया गया। नाविकों का भी कहना है कि पुलिस के कहने पर ही उन्होंने शव को दफनाया था।

फोटो देखकर हुई पहचान

युवती का पिता जब अपनी बेटी की फोटो लेकर नाविकों के पास पहुँचा तब जाकर उन्हें अपनी बेटी के दफनाए जाने की जानकारी मिली। नाविकों ने फोटो देखकर बताया कि युवती का शव पानी में बहता हुआ यहां आया था।

शादी का झांसा देकर नाबालिग से दुष्कर्म

जबलपुर /नव प्रदेश। गोरखपुर थाना क्षेत्र में एक युवक ने 17 वर्षीय नाबालिक लड़की का अपहरण कर रेप कर दिया। आरोपी युवक ने शादी का झांसा देते हुए कई महीनों तक लड़की का दैहिक शोषण किया है। पीड़िता की रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर ली है। गोरखपुर पुलिस ने बताया कि थाना क्षेत्र निवासी 17 वर्षीय किशोरी ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि उसकी विलियम रॉबर्ट से जान पहचान और दोस्ती थी। विगत 1 अक्टूबर 2021 को विलियम उसे बहला फुसलाकर अपने साथ ले गया था और शादी का झांसा देते हुए जबरदस्ती उसके साथ रेप किया।

उसके बाद 12 मार्च 2022 तक उसने कई बार अपने घर में रखकर उसका दैहिक शोषण किया है। इसके बाद आरोपी विलियम ने उसे धमकी देते हुए शादी से इनकार कर दिया है। पुलिस ने पीड़िता के बयानों के आधार पर आरोपी विलियम रावत के खिलाफ अपहरण, रेप एवं पास्को एक्ट की विभिन्न धाराओं के तहत एफआईआर दर्ज कर ली है। पीड़िता का कहना है कि जब भी वह अपने प्रेमी से शादी की बात कहती तो आरोपी शादी की बात को टाल देता था। पीड़िता ने आरोप लगाया है कि युवक का अन्य युवतियों के साथ भी प्रेम प्रसंग चल रहा है। जिसके बाद पीड़िता ने इसकी शिकायत थाने में दर्ज कराई।

नूतन मराठी स्कूल में कल से टीकाकरण

जबलपुर /नव प्रदेश। गोलबाजार स्थिति नूतन मराठी स्कूल केन्द्र में कल 16 मार्च से कोरोना की रोकथाम के लिए टीकाकरण प्रारंभ हो रहा है। जिसमें 12 वर्ष से 14 वर्ष की आयु के बच्चों को टीकाकरण के साथ ही 60 वर्ष से अधिक की आयु के लोगों को बूस्टर डोज भी लगेगा।

मोबाईल पर आए लिंक को टच करते हुए कट गए 76 हजार

जबलपुर /नव प्रदेश

ऑनलाइन ठगी के मामलों में शातिर जालसाज लोगों को अपना निशाना बनाकर लाखों की रकम हड़प रहे हैं। लुटेपिटे हुए शिकायतकर्ता थानों के चक्कर काट रहे हैं। एक ऐसा ही मामला गोरखपुर में भी सामने आया है। जहां मोबाईल पर आए लिंक को टच करते हुए एक युवकी के बैंक एकाउंट से 76 हजार रूपये कट गए। गोरखपुर पुलिस ने बताया कि मामला सैनिक सोसायटी का है। यहां रहने वाली एक युवती ने कल शिकायत दर्ज कराई कि कल उसके मोबाईल में चार बार मैसेज आया। उसने चारों मैसेज को जैसे ही खोला तो उसके एकाउंट से चार बार में 76 हजार रूपयों की राशि कट गई। मैसेज देखकर जब वह बैंक पहुँची तो उसे पता चला कि उसके साथ ऑनलाइन ठगी की गई है।

5 मकान मालिक और तीन होटल संचालकों पर मामला दर्ज

जबलपुर /नव प्रदेश

होली पर्व के देखते हुए और अन्य अपराधिक गतिविधियों को लेकर जिला और पुलिस प्रशासन द्वारा शहर की होटलों और किराये के मकान में रहने वाले लोगों की जानकारी हासिल की जा रही है। जिसमें होटल संचालकों और मकान मालिकों को बाहर से आकर रूके लोगों की जानकारी माँगी जा रही है। इसी कड़ी में आज भी किरायेदारों और होटल में रूके लोगों की जानकारी न देने वालों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया।

सिविल लाईन पुलिस ने बीती रात मिलन लॉज के मालिक राममिलन सिह इसी प्रकार शिव शक्ति लॉज को चैक करने पर 3 यात्री लॉज में रूकना पाये गये जिनकी सूचना लॉज के मालिक अमरदीप मिश्रा द्वारा थाने में नहीं दी गयी। तीसरी कार्रवाई भोले लॉज संचालक पर हुई यहां लॉज के संचालक कृष्णकुमार मिश्रा द्वारा होटल में रूकने वाले लोगों की सूची विगत कई महिनों से नहीं दी गयी है। तीनों के खिलाफ मालला दर्ज किया गया है। गोराबजार पुलिस ने बिलहरी में रहने वाले मकान मालिक राजू रजक, बिलहरी में रहने वाले मकान मालिक रामानुज सिंह, हनुमानताल पुलिस ने अहमद कुरैशी, बरेला पुलिस ने मकान मालिक संदीप, गोहलपुर पुलिस ने मकान मालिक मोहम्मद इरफान के खिलाफ मामला दर्ज किया है। सभी ने अपने अपने घरों में किरायेदार रखे हुए थे लेकिन इसकी जानकारी पुलिस को नहीं दी थी।

रेत से भरी दो ट्रेक्टर ट्राली जप्त

जबलपुर /नव प्रदेश। रात के अंधेरे में नर्मदा घाट से रेत की चोरी की जा रही है। बीती रात पुलिस ने दो ट्रेक्टर ट्राली मय रेत के सहित पकड़ा है। चरगवां थाना प्रभारी विनोद पाठक ने बताया कि सूचना मिली कि ग्राम मुरकटिया नर्मदा घाट से बिना नम्बर के ट्रेक्टर की ट्राली में रेत भरकर चोरी कर ले जायी जा रही है। सूचना पर ग्राम मुरकटिया नर्मदाघाट पर दबिश दी गई जहां 2 ट्रेक्टर ट्राली में रेत भरी हुयी दिखी। दोनों ट्रेक्टर चालकों से नाम पता पूछने पर दोनों ने अपने नाम गोपाल लोधी एवं सुजान सिंह लोधी बताया। दोनों से ट्रेक्टर ट्राली में लोड रेत के सम्बंध मे पूछताछ करने पर कोई रायल्टी न होना बताते हुये स्वयं के ट्रैक्टरों में ग्राम मुरकटिया नर्मदा घाट से रेत भरकर चोरी कर ग्राम चरगवां बेचने हेतु ले जाना बताये। दोनों आरोपी ट्रेक्टर चालकों से 2 ट्रेक्टर ट्राली मय चोरी की रेत के जप्त करते हुये कार्यवाही की गई।

मारपीट का बदला लेने की गई थी संदीप की हत्या

जबलपुर /नव प्रदेश

पनागर थाना अंतर्गत 11 मार्च को हुई संदीप की हत्या करने वाले पाँचों आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। हत्यारों ने पूछताछ में बताया कि संदीप ने उनके साथ एक वर्ष पूर्व मारपीट की थी। जिसका बदला लेने के लिए उसकी हत्या की गई है।

पाँचों हत्यारे गिरफ्तार

पनागर पुलिस को रंजीत पटैल उर्फ चीनी निवासी तुलसी कालोनी पनागर ने बताया था कि रिलायंस पेट्रोल पम्प पनागर में काम करता है। 11 मार्च की रात में उसका बड़ा भाई संदीप के दोस्त मोहित रजक ने बुलाया और बताया कि संदीप बड़ी खेरमाई के पास आकाश प्रजापति का जन्मदिन मनाकर लौट रहे थे। तभी अभिमन्यू चौराहे के पास 5 लड़के अपने हाथ में लाठी एवं चाकू लेकर आये एवं एक राय होकर मेरी मोटर सायकल को रोके तथा पांचों एक साथ संदीप को मोटर सायकल से उतारकर संदीप के साथ झूमाझपटी करने लगे। संदीप उनसे बचकर छोटा महावीर मंदिर के पास भागा। उन पांचों लड़कों ने पीछा करते हुए संदीप पर चाकू एवं लाठी से हमलाकर संदीप को जान से मारने की नियत से संदीप के छाती, सिर, गर्दन पीठ, पेट में चोटें पहुँचा दी तथा पांचों लड़के वहां से भाग गये। घायल संदीप को इलाज के लिये पनागर अस्पताल से उपचार हेतु मेट्रो अस्पताल लेकर पहुंचा जहां डाक्टर ने चैक कर उसके भाई संदीप मृत घोषित कर दिया।

प्रारम्भिक पतासाजी पर ज्ञात हुआ कि लगभग 1 वर्ष पूर्व नीरज पटेल के साथ मृतक संदीप पटेल ने मारपीट की थी तभी से नीरज पटेल मृतक संदीप पटेल से रंजिश रखता था। आरोपियों की तलाश पतासाजी के दौरान दो आरोपियों के खुरई जिला सागर में होने की जानकारी मिलने पर एक टीम को रवाना किया गया। टीम द्वारा तलाश पतासाजी कर करते हुये आरोपी रानू ताम्रकार, रोहित रजक को अभिरक्षा में लेते हुये खुरई से थाना पनागर लाया गया। इसी प्रकार पतासाजी कर मझोली बाईपास पर दबिश देते हुये आरोपी नीरज पटेल व सुरेन्द्र ठाकुर तथा समित रजक को अभिरक्षा में लेते हुये थाना पनागर लाया गया। पॉचों आरोपियों को प्रकरण में विधिवत गिरफ्तार किया गया है।

छोटी सी सूचना पर भी तत्काल सक्रिय होकर करें कार्रवाई-बहुगुणा

रात दस बजे एसपी ने ली बैठक, होली के मद्देनजर पुलिस अधिकारियों को दिए निर्देश

जबलपुर /नव प्रदेश

होली पर्व को लेकर शहर में शांति व्यवस्था बनाए रखने और बदमाशों को सलाखों के पीछे पहुँचाने के लिए एसपी ने एक्शन प्लान तैयार किया है। जिसके तहत एसपी सिद्धार्थ बहुगुणा ने बीती रात पुलिस कन्ट्रोलरूम में पुलिस अधिकारियों की बैठक ली। बैठक में पुलिस अधीक्षक बहुगुणा ने होली पर्व को दृष्टिगत रखते हुये समस्त राजपत्रित अधिकारियों तथा शहर एवं देहात थाना प्रभारियों को आदेशित किया कि होलिका प्रतिमायें पारम्परिक स्थानों पर ही रखी जायें।

इसके साथ ही एसपी ने निर्देश दिये कि अधिकारी विवादित स्थानों में आवश्यक रूप से भ्रमण करते हुये निगाह रखें। साथ ही अपने सूचनातंत्र को मजबूत करें, जिससे क्षेत्र में होने वाली छोटी से छोटी असामाजिक गतिविधियो की जानकारी तुरंत मिल सके। संवेदनशील स्थानों पर फिक्स पिकेट्स लगाए जाएं। बैठक मे अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक गोपाल प्रसाद खाण्डेल, अतिरिक्त

पुलिस अधीक्षक संजय कुमार अग्रवाल, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शिवेश सिंह बघेल तथा जिले के समस्त राजपत्रित अधिकारी तथा समस्त थाना प्रभारी शहर एवं देहात उपस्थित थे। एसपी ने निर्देश दिए हैं कि थाना क्षेत्र के मूर्तिकारों, शिल्पकारों की भी बैठक लेते हुये उन्हे निर्देशित किया जावे कि वे ऐसी किसी भी प्रकार की मूर्ति, झांकी का निमार्ण नही करें जिससे किसी की भावना आहत हो। सूचनातंत्र को मजबूत करने हेतु थाना स्तर पर होलिका उत्सव समितियों एवं शांति समिति की बैठक ली गयी है। बैठक के दौरान जो भी सुझाव आये है उस पर अमल करें तथा जो समस्याये आयी है यदि वह पुलिस से सम्बंधित है तो उसका तत्काल निराकरण करें। यदि किसी अन्य विभाग से सम्बंधित है तो सम्बंधित विभाग से चर्चा कर उसका निराकरण करायें। छोटी सी घटना की जानकारी भी लगती है तो तत्काल मौके पर पहुंचकर वैधानिक कार्यवाही करें। एसपी ने कहा कि कार्रवाई निष्पक्ष होना चाहिये हमारा प्रमुख उद्देश्य शांति एवं सुरक्षा व्यवस्था बनाये रखना है इसमें किसी भी प्रकार की कोई लापरवाही नहीं होना चाहिये। होली के दिन दोपहर बाद लोग ग्वारीघाट, तिलवारा घाट, भेड़ाघाट एवं स्थानीय तालाब तथा नदी के अन्य घाटों पर नहाने जाते हैं सभी स्थानों पर होमगार्ड एवं स्थानीय तैराकों की व्यवस्था की जाए। ताकि किसी प्रकार की कोई घटना न हो सके। एसपी ने कहा कि सभी राजपत्रित अधिकारी एवं थाना प्रभारी यह सुनिश्चित करें कि शासकीय वाहन दुरूस्त हालत मे हों, यदि उसमें कोई कमी है तो तत्काल ठीक करा लें। वाहनो में बलवा ड्रिल सामाग्री, टियर गैस सामग्री, टार्च, रस्सा, वीडियों कैमरा आवश्यक रूप से रखे। इसके साथ ही आपने थानों में लंबित धारा 363 भादवि के प्रकरणों में गुम बालक/बालिकाओं की तलाश पतासाजी कर शीघ्र दस्तयाबी हेतु आदेशित करते हुये कहा कि सीएम हेल्प लाइन की शिकायतों की समस्त राजपत्रित अधिकारी एवं थाना प्रभारी स्वयं समीक्षा करते हुए शिकायतकर्ता से विनम्रता पूर्वक चर्चा करें एवं उनकी जो भी शिकायत है वैधानिक कार्यवाही करते हुए उसका प्राथमिकता के आधार पर त्वरित संतुष्टीप्रद निकाल करें तथा शिकायतकर्ता को की गई कार्यवाही से अवगत करायें।

नव प्रदेश दैनिक अखबार में मार्केटिंग के लिए कुशल एवं अनुभवी व्यक्ति संम्पर्क करें, साथ ही समस्त जिले एवं ब्लॉक में संवाददाता नियुक्त करना है।

संम्पर्क करेंः- नव प्रदेश कार्यालय
होटल सन पैलेस, भाटिया टायर के पीछे
पुराना बस स्टैंड, जबलपुर (म.प्र.)
फोनः 0761- 4924975
मो. नं. 8319102513

1 ग्राम ए.डी. एवं फैंसी ज्वेलरी के थोक विक्रेता
पूजा जैसा कोई न दूजा

पूजा इमीटेशन
पेपर कटिंग लाने पर एक जोड़ी ईयर रिंग फ्री
1ग्राम गोल्ड शोरुम
मात्र 800 की खरीदी पर एक आईक्रोनिक काजल फ्री
पताः चूड़ी गली, अन्नपूर्णा मार्केट, गंजीपुरा, जबलपुर (म.प्र.) मोंः 9826243750

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक यशवंत धोटे द्वारा हितकारिणी प्रिंटिंग प्रेस सिविक सेंटर जबलपुर से मुद्रित एवं फ्लैट नंबर 402, कौशल्या विहार, नेपियर टाउन 482001 प्रकाशित, संपादक-सुशील दत्त
प्रबंध संपादक- जगदीश सकतेल, सलाहकार संपादक-रविकरण साहू email: navpradeshjbp123@gmail.com फोन-0761-4924975